

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 9 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 9- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 63 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ नदियों की सेहत और अदालतों के निर्देश

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक नहीं जाएगी टीम इंडिया, अपने मैच दुबई में खेलना चाहता है भारत ◂◂ 6








### चुनाव के बीच आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

## मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार के घर छापेमारी



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राज्य में ताजा घटनाक्रम में आयकर विभाग ने हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े कई लोगों के खिलाफ छापेमारी की। रिपोर्टों में बताया गया है कि श्रीवास्तव से जुड़े 16-17 स्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें उनके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों के घर भी शामिल थे। फिलहाल विभिन्न स्थानों पर छापेमारी चल रही है, जिसमें रांची में सात और जमशेदपुर में नौ जगहें शामिल हैं, जिनमें जमशेदपुर स्थित अंजनिया स्टील और अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों के परिसर भी शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के आरोपों को लेकर यह छापेमारी की है। विभाग को प्राप्त जानकारी से संकेत मिलता है कि श्रीवास्तव कर भुगतान से संबंधित कुछ विसंगतियों में शामिल थे, जिसके बाद विभाग को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया। श्रीवास्तव के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा की सहयोगी कांग्रेस ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां ??राज्य में पैर जमाने के लिए भाजपा का रास्ता हैं। कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह झारखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। राज्य में विपक्षी नेताओं और उनके निजी कर्मचारियों पर लगातार आईटी छापे मारे जा रहे हैं। भाजपा अब केवल आईटी और ईडी छापों के माध्यम से अपना पैर जमाने की कोशिश कर रही है। यहां के लोगों ने उन्हें पहले ही खारिज कर दिया है। इस तरह की कार्रवाई से वे सिर्फ विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। 26 अक्टूबर को, आयकर विभाग ने राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान हवाला प्रणाली के माध्यम से किए गए वित्तीय लेनदेन को लक्षित करते हुए रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और कोलकाता में तलाशी ली थी। इन छापों में संदिग्ध हवाला ऑपरेटरों से लगभग 150 करोड़ रुपये की बेहिसाब संपत्ति और निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये थे।



## पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन के पास धमाका, 20 की मौत, 30 घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर जोरदार धमाका की खबर सामने आ रही है। इस भीषण धमाके में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल मरने वालों का संख्या में इजाफा हो सकता है। वहीं सभी घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया गया है। हादसे की जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक क्वेटा में दो बम धमाके हुए। इन धमाकों में 20 लोगों की मौत हो गई और करीब 30 लोग घायल हो गए। बम ब्लास्ट की जांच की जा रही है। फिलहाल इस हादसे की जिम्मेदारी किसी भी संगठन ने नहीं ली है। जब धमका हुआ उस वक्त स्टेशन पर काफी भीड़ थी क्योंकि यहां एक पैसेंजर ट्रेन को जाना था और एक पैसेंजर ट्रेन को आना था। धमाके के बाद क्वेटा रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह एक हेवी बम ब्लास्ट था। जानकारी के मुताबिक, जब जाफर एक्सप्रेस भिंडी की तरफ जा रही थी, उसी वक्त जोरदार धमाका हुआ। बता दें, इससे कुछ दिन पहले पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्कूल के पास बम धमाका हुआ था। इस धमाके में पांच स्कूली बच्चों समेत सात की लोगों की मौत हो गई थी जबकि कम से कम 22 लोग घायल हो गए थे।

### छतरपुर में विपक्षियों पर बरसे अमित शाह, कहा-

# गरीबों और युवाओं का रुपया खा गये कांग्रेसी

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** झारखंड के छतरपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने जमकर विपक्षी गठबंधन पर हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ से ज्यादा रुपये पकड़े गए। जिसे गिनने के लिए आईं मशीनें तक थक गईं। यह रुपया आपका है। झारखंड के युवाओं व गरीबों का है, जिसे कांग्रेसी खा गए। आप प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, हम भ्रष्टाचार करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाल देंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब-जब कांग्रेस शासन में आई पिछड़ों के साथ अन्याय किया। 1950 में काका कालेलकर कमीशन बना, जिसकी रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों ने रद्द कर दी। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन बना। इंदिरा और राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया और केंद्रीय संस्थानों में पिछड़ों को आरक्षण देने में कांग्रेस ने सालों लगा दिए। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो केंद्र की सभी नौकरियों व परीक्षाओं में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। पिछड़ा वर्ग कमीशन को सांवधानिक



दर्जा देने का काम किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान युवाओं से वादा किया था कि हम आपको बेरोजगारी भत्ता देंगे, लेकिन हेमंत सोरेन ने अपना वादा पूरा नहीं किया। हम हर युवा साथी को प्रतिमाह दो हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। हर साल एक लाख रोजगार सृजित करेंगे और 2 लाख 87 हजार रिक्त पदों को पारदर्शी तरीके भरा जाएगा। भाजपा सरकार बनने के बाद झारखंड के युवाओं की नौकरी घुसपैठिये नहीं खा पाएंगे। घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने का काम भी हम कानून में बदलाव करके बंद करवाएंगे। रोटी, माटी और बेटी तीनों की सुरक्षा भाजपा करेगी। झारखंड में दो चरणों में होंगे विधानसभा चुनावः झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराए जाने हैं, इसके तहत पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे। जबकि विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। राज्य में फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में कांग्रेस और राजद का गठबंधन पांच साल से सरकार में है। वहीं विपक्ष में भाजपा और आजसू का गठबंधन है। हालांकि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने एनडीए सहयोगियों को भी कुछ सीटें दी है, जिसमें आजसू के साथ-साथ जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी शामिल हैं। वहीं राज्य के सत्ताधारी गठबंधन को लेफ्ट की पार्टियों का भी समर्थन प्राप्त है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र पर हुए हमलावार, कहा-

# भाजपा ने झारखंड को नींबू की तरह निचोड़ा



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** विधानसभा चुनावों के बीच अलग-अलग दलों में वार-पलटवार का दौर जारी है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर हमला बोला है। सोरेन ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि भाजपा ने दो दशकों तक झारखंड को नींबू की तरह निचोड़ा, अब यह बंद होगा। इतना ही नहीं सोरेन ने केंद्र के जीएसटी लागू करने के तरीके पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस जरिए झारखंड जैसे गरीब राज्यों की कमर तोड़ दी है।

सोरेन ने कहा, भाजपा ने 20 साल तक झारखंड को नींबू की तरह निचोड़ा है, लेकिन यह बंद करना होगा। हम जिस गाय से दूध लेते हैं, उसे भी खाना खिलाते हैं। उन्होंने झारखंड की संपत्ति को कम किया है। यह विरोधाभास है कि झारखंड, जो कि खनिज संसाधनों में सबसे आगे है, वह सबसे गरीब राज्य है। झारखंड सीएम बोले, हम कोयले, लोहे, अभ्रक और डोलोमाइट जैसे खनिजों ने परिपूर्ण हैं, लेकिन हमारे राजस्व इकट्ठा करने में केंद्र की जीएसटी बहुत बड़ा रोड़ा है। इसने हमारी वित्तीय जरूरतों के लिए कुछ नहीं किया।₹ उन्होंने कहा कि अगर हमें केंद्र से कोयले का 1।36 लाख करोड़ रुपये का बकाया नहीं मिलता तो हम जानते हैं कि इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

**'भाजपा हर जगह सिर्फ डबल इंजन सरकार चाहती है' :** सोरेन ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर विधायकों, सांसदों को खरीदने और सरकारें गिराने में माहिर होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने पर तुली है और हर जगह सिर्फ डबल इंजन सरकार में विश्वास करती है।

हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा पर ध्रुवीकरण की राजनीति का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण, सांप्रदायिक नफरत, विभाजनकारी राजनीति के अलावा कोई एजेंडा नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भाजपा की बांटने वाली राजनीति से राज्य की प्रगति को पटरी से नहीं उतरने देंगे

आदिवासी मुख्यमंत्री को कार्यकाल नहीं पूरा करने देना चाहती थी भाजपाः झारखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव समय से पहले इसलिए कराया जा रहा है, क्योंकि भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं हुआ कि एक आदिवासी पांच साल का कार्यकाल पूरा करे।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराई टूरिस्ट बस, 5 की मौत, 20 घायल



**फिरोजाबाद :** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। घटना फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में माइलस्टोन 49 पर घटी, जब मथुरा से लखनऊ लौट रही एक टूरिस्ट बस ट्रक से टकरा गई। बस में सवार सभी लोग मुंडन संस्कार के बाद घर लौट रहे थे। सवार लोगों में अधिकांश परिजन और उनके रिश्तेदार शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने मौके पर पहुंचकर घायलों को शिकोहाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएमओ और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शिकोहाबाद जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि बस चालक की झपकी के चलते बस से नियंत्रण खोने के बाद यह हादसा हुआ है। शुरूआत तौर पर हादसे के पीछे पूरी तरह से बस चालक की लापरवाही ही सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार, यह बस एक जगह रोकी गई थी, जहां बस चालक ने खाना खाया था। उस दौरान बहुत संभव है कि उसने शराब इत्यादि का भी सेवन किया था। जानकारी के अनुसार, बस जिस डंपर से टकराई है वह रोड पर खड़ा था और उसके लिए अथॉरिटी ने बाकायदा मार्किंग भी की हुई थी।

# बिना ड्राइवर खुद चला इंजन पटरी से उतरा, टला बड़ा रेल हादसा

**मुंगेरः** बिहार में एक बार फिर से रेल हादसा हुआ है। इस बार मुंगेर जिले में स्थित जमालपुर रेलवे स्टेशन के रूट रिले इंटरलॉकिंग (आरआरआई) क्रासिंग के पास एक रेल इंजन पटरी से उतर गया। बताया जा रहा है कि रेल इंजन के तीन पहिए रेलवे लाइन से उतरे हैं। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस हादसे के कारण कुछ देर के लिए जमालपुर रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि इंजन खड़ी करने के बाद शेटिंग मैन और लोको पायलट वहां से चले गए थे। कुछ



समय बाद इंजन अपने आप लगभग 50 मीटर आगे बढ़ गया और आरआरआई के पास आकर उसके तीन पहिए पटरी से उतर गए। घटना की जानकारी मिलते ही इंजीनियरिंग और कैरेज विभाग के कर्मी जल्दी से घटनास्थल पर पहुंचे और हाथों में जैक और अन्य उपकरणों के साथ पटरी से उतरे पहियों को वापस पटरी पर लाने के प्रयास में जुट गए।

**तीसरी लाइन पर परिचालन बाधितः** घटना के बाद किऊल-जमालपुर-भागलपुर रेल खंड पर तीन नंबर लाइन से गुजरने वाली ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया। हालांकि, एक और दो नंबर लाइन से अप-डाउन मार्ग की ट्रेनें चलती रहीं। डाउन मार्ग में दिल्ली से कामाख्या जा रही ब्रह्मपुत्र मेल और अप लाइन में साहिबगंज से दानापुर जा रही इंटरसिटी आधे घंटे तक प्रभावित हुई। इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

**रेलवे अधिकारियों ने लिया एक्शनः** घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के पीडब्ल्यूआई और सेक्शन इंजीनियर की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मालदा रेल मंडल की ओर से इस घटना की जांच का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## पश्चिम बंगाल में रेल हादसा : सिकंदराबाद-शालीमार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

कोलकाताः पश्चिम बंगाल में हावड़ा के पास सिकंदराबाद-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 3 डिब्बे शनिवार 9 नवंबर की सुबह करीब 5.30 बजे पटरी से उतर गए। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों ने बताया, कोलकाता से करीब 40 किलोमीटर दूर नालपुर में साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पटरी से उतरे डिब्बों में एक पार्सल वैन भी शामिल है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 22850 सिकंदराबाद-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस खड़गपुर डिवीजन के नालपुर स्टेशन से गुजर रही थी उसी समय 3 डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे ने बताया कि संतरागाछी और खड़गपुर से दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल राहत ट्रेन तुरंत सहायता के लिए रवाना कर दी गई हैं। यात्रियों को कोलकाता लाने के लिए कई बस भी भेजी गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विस्फोट से संबंधित मुद्दे पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**जमशेदपुर :** खान सुरक्षा उपनिदेशक (चाईबासा रीजन) आर सुधीर के नेतृत्व में सेल की किरीबुरु स्थित एल एंड डीसी सभागार में विस्फोट से संबंधित मुद्दे पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सेल, झारखंड खान समूह की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुवा, चिड़िया खदान प्रबंधनों के अलावा आईओसीएल के अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खदानों में विस्फोटकों को परिवहन और चार्जिंग के दौरान सुरक्षित संचालन कैसे करना है, उसकी विस्तृत जानकारी दिया गया। डीडीएमएस आर सुधीर ने विस्तार से बताया कि कैसे ब्लास्टिंग टीम अपने आप को सुरक्षित रखकर कार्य कर सकती है। ब्लास्टिंग के समय सुरक्षा के किन-किन नियमों का पालन कार्य स्थल पर करना है। पिछले महीने बंगाल के माइंस में दुर्घटना से सीख लेते हुए इसकी पुनरावृत्ति कैसे ना हो, इसपर भी चर्चा की गयी। मोबाइल फोन में विस्फोट को चार्जिंग के दौरान कैसे रोका जा सकता है, सूती कपड़े पहनना और वॉकी टॉकी का इस्तेमाल भी अहम मुद्दा रहा।
इस कार्यशाला में प्रस्तुति मानस राउत ने दिया। कार्यक्रम में विभिन्न खदानों के सेल अधिकारियों में मेघाहातुबुरु के खान महाप्रबंधक एस के सिंह, गुवा के खान महाप्रबंधक एस पी दास, रवि रंजन, किरीबुरु के खान महाप्रबंधक दीपेन लोहार, मनोज कुमार, ब्लास्टिंग प्रभारी, सुरक्षा अधिकारी, ब्लास्टिंग क्रू और सहयोगी स्टाफ समेत लगभग 35 लोगो ने कार्यशाला में भाग लिया।

### उलगुलान पार्टी प्रत्याशी रामेश्वर महतो मोटरसाइकिल से कर रहे चुनाव प्रचार



**सिल्ली :** सिल्ली में एक तरफ पार्टियों के दिग्गज नेता जोर-शोर से अपने चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ झामुमो उलगुलान पार्टी प्रत्याशी रामेश्वर महतो खुद ही चुनाव प्रचार कर रहा है। शुक्रवार को छोटा मुरी सिंगपुर चौक के समीप चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो सभी समस्या का समाधान किया जाएगा। महतो से पूछा गया कि झारखंड गठन के बाद किसकी सरकार में अच्छा काम हुआ है तो उसने कहा हम किसी का बुराई नहीं करेंगे सबने अपने अपने हिसाब से काम किया है। बताते चलें कि रामेश्वर महतो आजसू पार्टी से इस्तीफा देकर झामुमो उलगुलान पार्टी से चुनाव लड़ रहा है।

### 24 साल में केवल नेताओं का विकास हुआ है क्षेत्र का नहीं : धनपति महतो



**सिल्ली :** सिल्ली से नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रत्याशी धनपति महतो ने विस के सोनाहातू एंव राहे के विभिन्न गांवों में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा मैं चुनाव जीत रहा हूं सिल्ली की जनता इस बार चुनाव में परिवर्तन चाहती है क्योंकि सिल्ली में झारखंड गठन के इतने बर्षो बाद भी कोई विकास नहीं हुआ है विकास हुआ है तो सिर्फ नेताओं का, विकास के नाम पर जनता का संपत्ति को लूटकर राजधानी रांची से लेकर अन्य प्रदेशों में मॉल, रेस्टोरेंट शोरूम, खोला गया बहु मंजिलें इमारतें खड़ा किया गया। बहुत जल्द धनपति महतो इसका पोल खोलने जा रहा है।

### सीमा महतो का तूफानी दौरा, उमड़ रही भीड़



सिल्लीः सिल्ली के झामुमो प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में उनकी पत्नी पूर्व विधायक सीमा महतो क्षेत्र में लगातार तूफानी चुनावी दौरा कर रही है शुक्रवार को विस क्षेत्र के हलमाद साहिदा हाड़जालुम आदि गांव में जनसंपर्क कर लोगों से क्रम संख्या 2 चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप में बटन दबाकर रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। सीमा ने कहा हेमंत सोरेन ने कम समय में हर तबके लोगों के लिए बिना किसी भेदभाव का काम किया है। हेमंत सरकार के कामकाज राज्य की अधिकांश फीसदी जनता संतुष्ट हैं केवल विपक्ष में बैठे लोग असंतुष्ट है आपलोग उनकी सोच को ताकत दे ताकि आप सबों के लिए और बेहतर काम कर सकें। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित है।

### नेता नहीं, बेटा को वोट दें: देवेन्द्र महतो



**मुरीः** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने पंचायत दौरा किया। आज शुक्रवार को बारेंदा, दुलमी, पंडाडीह,लांदुपडीह और जिलिंगसेरेंग पंचायत में जनसंपर्क किया। सिल्ली बदलाव को लेकर भारी मतों से चुनाव चिन्ह कैंची छाप में वोट देकर देवेन्द्र महतो को जीत की अपील की है।लोगों में भारी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। महिला और बुजुर्ग भी जनसंपर्क में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देवेंद्र नाथ महतो ने लोगों से बदलाव के लिए नेता नहीं बेटा को मतदान करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री सोरेन ने रोटी, बेटी और माटी को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की तथा रोटी, बेटी और माटी के उसके दावों को खोखली बयानबाजी करार दिया।
सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं, विशेषकर बेटियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। सोरेन ने अपने कैबिनेट सहयोगी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक रामदास सोरेन के समर्थन में घाटशिला के गंधनिया हाट मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हमने अपनी बेटियों की सुरक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले झानो योजना जैसी योजनाएं शुरू की हैं जिससे 12 लाख छात्राएं जुड़ी हैं।
सोरेन ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का परोक्ष जिक्र करते हुए उन पर मध्य प्रदेश में आदिवासियों की सुरक्षा के बारे में खोखले दावे करने का आरोप लगाया। उन्होंने मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ जारी अत्याचारों के संबंध में केंद्र सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए भाजपा पर रोटी, बेटी और माटी की रक्षा के बारे में झूठे दावे करने का आरोप लगाया। सोरेन ने विश्वास जताया कि झामुमो नीत गठबंधन बहुमत हासिल कर सत्ता में लौटेगा।



## पेयजल के लिए जनता कर रही है त्राहिमाम : श्वेता सिंह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान। इस दौरान नन पंचायत क्षेत्र श्यामपुर, बंशिमली के बाद सीजूआ पंचायत अंतर्गत शिमलाटांड़ राधानगर पंचायत अंतर्गत डहरडीह, दूधीमाटी, राधानगर के पश्चात चैनपुर, पंचायत अंतर्गत झोपड़ों, धर्मपुरा, चैनपुर, बारूडीह, खेड़गोड़ा, गुड़गुड़ी, सुनता पंचायत अंतर्गत बिक्रमडीह, कुसुमटेकरी, डुगरीगोड़ा हाट का प्रवास किया इस दौरान आम जनता ने प्रत्याशी को पेयजल की व्याप्त समस्याओं को अवगत करवाया और कहा कि इन क्षेत्रों में पूर्व के 10 वर्षों में पेयजल को लेकर कई बार जनता अपने हक के लिए मुखर हुई लेकिन किसी जनप्रतिनिधिगण ने इसकी सुध नहीं ली श्वेता सिंह ने आश्वासन दिया कि इन सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा श्रीमती सिंह ने अपने पक्ष में मतदान करने की सभी से अपील की और कहा कि आपकी बेटी के रूप में क्षेत्र के लोगों का दर्द समझती हूं क्यों कि यह सभी लोग हमारे घर परिवार से जुड़े हुए हैं। आगामी 20 तारीख को हमे अपना मतदान देकर जिताएं ताकि एक बेहतर बोकारो का निर्माण हो सके।



## राजद का मरकच्चो प्रखण्ड में चला जनसम्पर्क अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** विधानसभा के इंडिया गठबन्धन के समर्थित राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के लिए पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शुक्रवार को बरियारडीह, देवीपुर, बिशुनपुर, कारीखोखो, गैरागी, सिमराटांड़, मंझलाडीह, महूगांय, केतरुसिंगा , गादि, नईटांड़, बहादुरपुर, बेला, मुरकमनाई , लोहंडियो, तेलोडीह, कादोडीह समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क अभियान में सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी लालती देवी और बेटी आयुषी ने कोडरमा में तरक्की और बदलाव के लिए राजद प्रत्याशी के लिए पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी लालती देवी ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि कोडरमा की पहचान मिटने नही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ढिबरा/माइका कोडरमा की पहचान है। लेकिन केंद्र की सरकार और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों ने कोडरमा की पहचान मिटाने की कोशिश की है। उसी का नतीजा है कि ढिबरा/ माइका को लीगल व्यापार नही बनाया जा सका। जहां बताया गया की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मरकच्चो के गुरहा मैदान में दस तारीख को सभा को सम्बोधित करेंगे। मौके पर अवधेश यादव, बिजय सिंह, सहदेव यादव, मनिन्दर राम, अर्जुन महतो समेत सैकड़ों राजद नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



### बिजली का केबल तार काटकर ले गए चोर, आपूर्ति बंद

**चांडिल :** कुकड़ु प्रखंड की पारगामा पंचायत अंतर्गत किशुनडीह में अज्ञात चोरों ने बिजली का केबल तार की चोरी कर ली। चोर शुक्रवार की रात लगभग चार सौ मीटर बिजली का थ्री फेज केबल तार काटकर ले गए। उक्त तार के माध्यम से गांव के गुरुचरण महतो के घर तक बिजली की आपूर्ति होती थी। तार चोरी किए जाने के बाद से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।
पूरा क्षेत्र हाथी प्रभावित, बगैर बिजली रहना खतरनाकः गुरुचरण महतो ने बताया कि उनके घर में दो दिव्यांग बच्चे भी हैं। पूरा क्षेत्र हाथी प्रभावित है। आए दिन क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंच जाते हैं। ऐसे में बगैर बिजली के रात में रहना खतरनाक साबित हो सकता है। बिजली की तार चोरी होने के बाद बिजली आपूर्ति बंद होने से उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने विभाग से जल्द बिजली बहाल करने की मांग की है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके।

## लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा के साथ संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कसमारः** प्रखंड के खैराचातर व आसपास के सभी तालाबों व नदियों में शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने साथ चार दिवसीय छठ व्रत संपन्न हो गया। उसके पहले गुरूवार की शाम में छठ व्रतियों की और से अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। खैराचातर, बगदा, कसमार, मंजूरा, बरईकला, मधुकरपुर, गर्री, खुदीबेड़ा, दांतू, गोरियाकुदर सहित कई गांवों में भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। श्रध्दालुओं के द्वारा माथे में दउरा लेकर पहुंचे, तो कोई लचकती ईख लेकर तालाबों के छठ घाट पहुंचा।सूर्योदय के समय लगभग डेढ़ घंटे पहले ही छठ व्रतियों जल में नतमस्तक हो खड़े हो गए । ठिठुरते पानीमें काफी देर खड़े होने के बाद जैसे ही आदिदेव सूर्य की लालिमा की झलक देखने लगी।व्रतियों ने उन्हें सूप और फल की टोकरियों वाले अर्घ्य अर्पित करना शुरू कर दिया।इसके साथ-साथ हजारों लोगों ने भी भगवान भास्कर को दूध एवं जल का अर्घ्य अर्पित किया। इसके पूर्व गुरूवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को आस्था युक्त हजारों लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। मौके पर कौशल्या देवी, शशि शेखर ,खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, विनिता देवी, सुजित जायसवाल अधिवक्ता, अमित तिवारी, रंजीत जायसवाल, अमित जायसवाल, घनश्याम महतो, संजय जायसवाल, सुन्दर लाल, भोला कपरदार,सचिन जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, रीशु जायसवाल, मनीष गौतम,प्रकाश महतो, प्रवीण भगत, विपिन महतो, अमृत महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा चुनाव करके एनसीपी प्रत्याशी राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी परिवार के यशवीर सिंह ने सीवनडीह सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। एनसीपी प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा की सभी दुकानदार भाइयों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया सभी लोगों का सहमति हुआ है कि हम लोग घड़ी के साथ चलेंगे। अभी बदलाव का बाहर चल रहा है लोग बदलाव करने के मूड में है जो स्थिती भाजपा द्वारा जो दस से त्राहिमाम करके रखा गया है और कांग्रेस प्रत्याशी जो 99 हजार वोट जो लेकर आई फिर कोरोनाकाल में लोगो को पूछने नही आई ऐसे - ऐसे प्रत्याशी मैदान में है। मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी यशवीर सिंह हुँ मुझे गीता,रामायण, उपनिषद ,कुरान,बाइबल को आत्मसात करके चलता हूं बोकारो को स्वर्ग बनाने के लिए संभाव सद्भाव,विचार का क्रांति फैलाना चाहता हूं।



# विकास के नाम पर भाजपा को दें वोट : माधवी लता

### भाजपा स्टार प्रचारक सह अभिनेत्री का ढोल नगाड़े के साथ किया गया जोरदार स्वागत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चंदवाराः** भाजपा के स्टार प्रचारक सह पूर्व अभिनेत्री माधवी लता का बरही विधानसभा के चंदवारा प्रखंड में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनका भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित हजारों कार्यकर्ताओं समर्थकों संग ढोल नगाड़े के साथ गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया. अभिनेत्री सह भाजपा नेत्री लता ने मंच साझा कर अपने संबोधन जय श्री राम के नारे से शुरूआत कर कांग्रेस एवं गठबंधन के नेताओं को तंज कसते हुए कहा कि ये गठबंधन की सरकार सिर्फ ओर सिर्फ लूटने में मस्त है भ्रष्टाचार में डूबे हुए। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर भाजपा को मजबूत करने की अपील की ' इस दौरान उन्होंने भाजपा के नीति, रीति और संकल्पों से मतदाताओं को अवगत कराया. उन्होंने कहा कि राज्य के चहुंमुखी विकास, नवयुवकों को रोजगार, महिलाओ और वृद्धों के सम्मान और राज्य में डबल इंजिन की सरकार बनाने के लिए बरही विस से कमल फूल को खिलाएं. कमल ही सुख, शांति और समृद्धि का प्रतिक है. जनसभा और स्वागत के दौरान पूरा क्षेत्र भगवामय दिख रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में हो देश या राज्य अथवा आम व्यक्ति सुरक्षित और विकसित हो सकता है. मौके पर जेडीयू जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, प्रखण्ड महामंत्री नन्द किशोर सोनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष अमित सिंह, प्रवीण कुमार बंटी, डॉ नरेश पंडित, सुरेश यादव, राजू यादव, बीरेंद्र यादव, आनंद मोदी, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, विजय मोदी, बिनोद राम, सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।



## घुसपैठ को लेकर राहुल की चुप्पी पर बीजेपी ने उठाए सवाल, कहा-

# वोट बैंक की राजनीति छोड़ें, देश के लिए सोचें

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड चुनाव में भाजपा लगातार बांग्लादेशी घुसपैठिए का मुद्दा उठा रही है। इन सबके बीच भाजपा ने इस मामले में राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने राहुल गांधी पर वार करते हुए कहा कि राहुल गांधी बांग्लादेशी घुसपैठियों पर चुप क्यों रहते हैं जब वे आदिवासी समुदाय की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं? कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि आज आप और हेमंत सोरेन बांग्लादेशी घुसपैठियों



के प्रवक्ता, उन्हें बचाने वाले लोग नजर आ रहे हैं। वोट बैंक की राजनीति छोड़ें और देश के लिए सोचें। भाजपा नेता हेमंत सोरेन पर वार करते हुए कहा कि मुझे नहीं पता कि झारखंड की जनता का कितना पैसा सीएम और उनके लोगों ने दबा रखा है। एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा। जांच एजेंसियां ??अपने नियमों के तहत अपनी कार्रवाई करती हैं। लेकिन, मुझे आश्चर्य है कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड में कोयला से लेकर बालू तक, लौह अयस्क से लेकर बिजली बोर्ड तक, जल जीवन से लेकर महिला सम्मान तक, रक्षा भूमि से लेकर आदिवासी समाज की जमीन तक, सिर्फ एक ही काम हुआ है- घोटाला। झारखंड में भ्रष्टाचार की होड़ चल रही है।

इससे पहले असम के सीएम और झारखंड के बीजेपी सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होगा तो घुसपैठिए पूरे झारखंड पर कब्जा कर लेंगे। अपने बयान में हिमंता ने कहा कि हमें झारखंड में घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी और ऐसे सर्वे करने होंगे। कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम यूसीसी लाएंगे लेकिन आदिवासियों को इससे दूर रखेंगे। अगर एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होगा तो घुसपैठिए पूरे झारखंड पर कब्जा कर लेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हेमंत सोरेन चाहते हैं कि घुसपैठिए आएं क्योंकि वे उनके वोट बैंक हैं।

### बीजेपी पेसा कानून नहीं मानती: सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एनडीए पर निशाना साधा। कहा कि भगवान भास्कर का प्रकाश है, जगत कल्याण के लिये। कहा कि एनडीए की मुख्य दल कहती है हम गागो दीदी से 2100 देंगे। आजसू कहती है 2500 पेंशन देंगे। बीजेपी पेसा कानून नहीं मानती, ये पेसा कानून की बात करते हैं। अरे भई पहले आपस में तय तो कर लें कि सरकार किसकी बनेगी। सुप्रियो ने कहा कि पीएम कहते हैं, एनडीए की सरकार बनेगी आजसू कहता है मेरी सरकार बनेगी, बाबूलाल कुछ कहते हैं, चंपईदा तो सीधे साधे हैं। कहना मुश्किल है किसकी सरकार बनेगी। पहले ये आपस में तय कर लें। कहा कि झारखंड का 3 लाख पेड़ काटा अडानी के लिये। खुदाई, लूट का खेल आजसू को मिला। खेल यहां है झारखंड को लूटने का। पीएम किसान सम्मान निधि 21 लाख किसानों के आवेदन को लेकर इनिवेशन कर दिया।

## रातू रोड के न्यू मार्केट से ओटीसी ग्राउंड तक पीएम का रोड शो कल, तैयारी जोरों पर

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए रातू रोड को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का रोड शो रविवार को न्यू मार्केट से ओटीसी ग्राउंड तक होने वाला है। इसके लिए रातू रोड को पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है। एलिवेटेड पुल के निर्माण के कारण रातू रोड की स्थिति काफी खराब है। रातू रोड में छोटे-छोटे गड्ढे हो गये थे। रोड को पूरी तरह से बना दिया गया है। इतना ही नहीं न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़ से आगे तक रोड के दोनों ओर दो लेयर में बैरिकेडिंग की जा रही है। बैरिकेडिंग ऐसी है कि सभी दुकानों का कवर कर दिया गया है। इस दौरान दुकान आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होगी। ब्रांच रोड में तैनात किये जायेंगे सुरक्षा बल : प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर रविवार को रातू रोड से मिलनेवाले सभी ब्रांच रोड में



बैरिकेडिंग कर दी जायेगी और वहां सुरक्षा बल तैनात कर दिये जायेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति या वाहन रोड में न आ सके। कब्रिस्तान के पास नाली को नेट युक्त कपड़ा से कवर कर दिया गया है। रातू रोड में कई जगह जलजमाव होता है। जेसीबी की मदद से नाली को ठीक कर अब उस जगह से पानी की निकासी का रास्ता बनाया जा रहा है, ताकि रोड में पानी नहीं आ सके। नगर निगम की टीम भी युद्ध स्तर पर साफ-सफाई में लगी हुई है। न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ तक काफी संख्या में सफाइकर्मी को लगाकर पूरे रोड को साफ किया जा रहा है। रोड में एंटी स्मोक गन वाहन (फव्वारा जैसा पानी छींटने वाला वाहन) और स्वीटिंग मशीन (वाहन में लगा रोड साफ करने वाला मशीन) को भी तैनात किया गया है। मैनुअल काम हो जाने के बाद एंटी स्मोक गन वाहन से भी पानी का छिड़काव किया जाता है।

## डीएसपीएमयू : स्पेशल परीक्षा ने दिया स्नातक के विद्यार्थियों को पास होने का मौका



**रांची:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्नातक के अलग-अलग सेमेस्टर में फेल हुए विद्यार्थियों को विवि की ओर से स्पेशल परीक्षा का मौका दिया जा रहा है। इसके माध्यम से अब तक स्नातक सेमेस्टर फाइव और सिक्स के सैकड़ों विद्यार्थियों को अपना रिजल्ट सुधारने का मौका मिल चुका है। वहीं अब च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के अंतर्गत स्नातक के केवल एक सत्र 2022-25 के ही विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। अगर ये भी किसी सेमेस्टर में फेल होते हैं, तो स्पेशल परीक्षा में शामिल होने का मौका मिल सकता है।

**यूजी के सभी विभागों के पांच दर्जन विद्यार्थी हुए शामिलः** स्पेशल परीक्षा में यूजी के सेमेस्टर फाइव और सिक्स के वैसे विद्यार्थियों को मौका दिया गया था, जो इन दोनों सेमेस्टर में एक या इससे अधिक विषय में फेल हो चुके थे। अक्तूबर में आयोजित परीक्षा में विवि के लगभग सभी यूजी विभागों के 60 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक आशीष गुप्ता ने बताया कि पुराने सिस्टम के तहत चलने वाले सत्र के विद्यार्थियों का साल बर्बाद नहीं हो, इसलिए स्पेशल परीक्षा का आयोजन किया गया था।

**एमबीए के चार शिक्षकों से प्रतिबंध हटायाः** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग के चार शिक्षकों को राज्य के किसी भी विवि में शैक्षणिक कार्य के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन अब विवि की ओर से उन सभी चार शिक्षकों से यह प्रतिबंध हटा दिया गया है। इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया गया है। पिछले वर्ष दिसंबर में इन चार शिक्षकों को निलंबित किया गया था। साथ ही उन्हें किसी भी दूसरे विवि में कार्य करने पर रोक लगा दी गयी थी।

### मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**धनबाद :** मरीज की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्मिक नगर स्थित जिम्स अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतक के पुत्र तेलीपाड़ा श्मशान रोड निवासी अमिताभ बनर्जी ने बताया कि 31 अक्तूबर को घर में गिरने से पिता फटीक बनर्जी (62) का बांया हाथ टूट गया था। छह नवंबर की शाम उन्होंने अपने पिता को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को चिकित्सक ने ऑपरेशन किया। शाम को अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने अचानक पिता की तबीयत खराब होने की बात बताते हुए दूसरे अस्पताल लेकर जाने का दबाव बनाया। उन्होंने पिता की स्थिति के बारे में पूछा, लेकिन किसी ने उन्हें कुछ नहीं बताया। वह जबरन ओटी में घुसे तो देखा की पिता की मौत हो चुकी है। अमिताभ ने इसकी सूचना परिवार के अन्य सदस्यों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया।

## अवैध घुसपैठ राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा : बाबूलाल

मेट्रो रेज

**रांची :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले पर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा है कि झारखंड में अवैध घुसपैठ राज्य और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। राज्य का खुफिया विभाग ये स्वीकार कर चुका है कि मदरसों और मस्जिदों में बांग्लादेशी मुसलमानों को पनाह देकर उनके पहचान पत्र और आधार कार्ड तैयार किये जा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने न्यायालय में झूठा शपथ पत्र दिया। घुसपैठ के तथ्यों को छिपाकर उच्च न्यायालय को गुमराह किया है।

**संथाल में बस चुके हैं हजारों जमाई टोलेः** बाबूलाल ने आगे



लिखा कि संथाल परगना में रोहिंग्या मुसलमानों के हजारों जमाई टोले बस चुके हैं। रांची डाल्टनगंज मार्ग (ब्रांबे, मांडर, चान्हो, मदरसा, कूडू) और रांची गुमला मार्ग (पिस्का, नगड़ी, इटकी, सिसई) में सैकड़ों अवैध मस्जिद-मदरसे खड़े हो गये हैं। लोहरदगा की स्थिति अत्यंत नाजुक हो चुकी है। इन इलाकों में पर्व त्यौहार मनाना, शादी विवाह करना तक दुश्वार हो गया है। घुसपैठिए हमारे भाई नहीं हो सकते। अवैध रूप से झारखंड में रह रहा हर बांग्लादेशी मुसलमान राज्य के लिए, हमारी संस्कृति के लिए, हमारे आदिवासी समाज के लिए और हमारी रोटी- बेटी- माटी के लिए बड़ा खतरा है। ये घुसपैठिए गरीब कामगार भाईयों का रोजगार छीन रहे हैं, आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाकर उनका शारीरिक शोषण कर रहे हैं। जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और हमारे पर्व त्यौहार में विघ्न उत्पन्न कर रहे हैं। भगवान बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए, रोजगार और नौकरी के पर्याप्त अवसर के लिए, पारदर्शी परीक्षा के लिए, युवाओं को न्याय दिलाने के लिए, आदिवासी समाज के अस्तित्व को बचाने के लिए, माटी-बेटी-रोटी की रक्षा के लिए घुसपैठियों और उनके सरपरस्तों को यहां से खदेड़ना होगा।

बाबूलाल ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा कि हेमंत सोरेन ने आदिवासियों की जमीनों को औने-पौने दामों पर खरीद कर उन्हें ठगने का काम किया है। कांग्रेस शासनकाल में एचईसी समेत जितनी भी कारखाने स्थापित हुए, उसके कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गयी। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी को झारखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आदिवासी समाज के मान-सम्मान और अभिमान को वापस दिलाने के लिए परिवर्तन जरूरी है।

### रांची नगर निगम की अनोखी पहल

## उंगली पर वोट की स्याही दिखाकर लें निशुल्क सुविधा का लाभ



रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने है। पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 2 नवंबर को होगा। रांची में 13 नवंबर को वोटिंग होगी। शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदान के प्रति उत्साह-वर्धन के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रांची नगर निगम ने भी विशेष पहल की है। मतदान दिवस यानी 13 नवंबर को मतदान करने वाले नागरिकों के लिए निगम कई सुविधाएं उपलब्ध करायेगा। इसके तहत नागरिक अपनी उंगली पर स्याही दिखाकर निशुल्क सिटी बस में यात्रा कर सकते हैं। वहीं निगम क्षेत्र अंतर्गत उपलब्ध पार्किंग में निशुल्क वाहन पार्क कर सकते हैं। यानी निगम उनका वाहन पड़ाव शुल्क माफ कर देगा। साथ ही निगम के पार्कों में चुनाव के दिन मतदान करने वाले नागरिक और उनके परिवार के नाबालिक सदस्य बिना प्रवेश शुल्क दिये पार्कों में प्रवेश कर सकते हैं।

## गवाही की विश्वसनीयता गवाहों की संख्या पर नहीं, साक्ष्य की गुणवत्ता पर निर्भर करती : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि किसी गवाह की गवाही की विश्वसनीयता गवाहों की संख्या पर नहीं बल्कि प्रस्तुत साक्ष्य की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। अगर किसी मामले में गवाह विश्वसनीय और भरोसेमंद है तो अकेली गवाही पर ही दोषसिद्धि की जा सकती है। हाईकोर्ट साहिबगंज की निचली अदालत द्वारा हत्या के जुर्म में दोषी करार दिये गये गुमिद मुर्मू की अपील पर सुनवाई कर रहा था। साहिबगंज सिविल कोर्ट ने गुमिद मुर्मू को डायन हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। निचली अदालत




के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई।

**डायन कहकर देवर ने अपने भाभी की कर दी थी हत्याः** साहिबगंज के बरहेट थाना में जो प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी, उसमें यह आरोप लगाया गया था कि गुमिद मुर्मू ने अपनी भाभी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मृतका का शव गुमिद के घर की मेड़ (बारी) पर पाया गया था। गुमिद ने महिला की हत्या से पहले उसे डायन भी कहा था। इस मामले में मृतका की बेटी एक मात्र चश्मदीद गवाह थी। जिसने ट्रायल कोर्ट में अपनी गवाही पूरी की और उसकी गवाही के आधार पर

### पीएम के आगमन को लेकर हटाया गया अतिक्रमण

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची आगमन को लेकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान पंडरा से पिस्का मोड़ होते हुए रातू रोड चौक व रातू रोड चौक से अरगोड़ा होते हुए बिरसा चौक तक चला। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगे आधा दर्जन से अधिक ठेला व गुमटी को जब्त किया गया। साथ ही सड़क किनारे बांस-बल्ली लगाकर अवैध रूप से दुकान चलानेवाले एक दर्जन से अधिक दुकानों को तोड़ दिया गया।

### जनसभा में बरसे तेजस्वी,कहा-

## बहुमत न मिलने पर वोट खरीदती है भाजपा



**चतरा :** झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर आगामी 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं। इससे पहले सत्ताधारी गठबंधन के अलावा विपक्षी पार्टियां भी जमकर चुनाव प्रचार कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चतरा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाया कि जब बीजेपी सरकार नहीं बना पाती है तो वह विधायकों को खरीद लेती है।

तेजस्वी ने कहा कि बिहार में सत्ता पाने के लिए मुख्यमंत्री को ही ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी भारत के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती है। मतगणना 23 नवंबर को होगीः गौरतलब है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक झारखंड में दो चरणों- 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा। अलग-अलग राज्यों में कई सीटों पर उपचुनाव भी कराए जाने हैं। दोनों राज्यों के आम चुनाव और उपचुनाव के बाद मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### आजसू ने जारी किया अपना घोषणा पत्र

## सरना कोड को मिलेगी मान्यता, सीजीएल परीक्षा होगी रद्द

मेट्रो रेज

**रांची:** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारी पार्टी अगर सत्ता में आती है तो सरना धर्म कोड को मान्यता दी जायेगी। धांधली को देखते हुए स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा को रद्द किया जायेगा।

**75 प्रतिशत पद स्थानीय लोगों के लिए किया जाएगा आरक्षितः** आजसू ने कहा है कि सरकार की जमीन पर बने सभी कंपनियों में 75 प्रतिशत पद स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित किया जायेगा। हर प्रखंड में नियोजनालय की स्थापना की जायेगी। जहां सभी बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार, नौकरी, इंटर्नशिप व सहयोग राशि



के लिए पंजीकृत किये जायेंगे।श्री महतो पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के बात अपनी बातें रख रहे थे।

**ग्राम पंचायतों को किया जायेगा मजबूतः** सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ग्राम पंचायतों को पर्याप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां देकर मजबूत बनाया जायेगा। आजसू पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि गांव के विकास का फैसला गांव के लोग ही करेंगे। पेसा कानून को मजबूती के साथ लागू किया जायेगा। रिश्वतखोरी पर लगाम लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए भ्रष्टाचार निवारण समिति का गठन किया जायेगा।

**भाषा संस्कृति एवं विरासत की होगी रक्षाः** हो, मुंडारी, कुड़माली भाषा को आठवीं सूची में शामिल कराने एवं सभी क्षेत्रीय भाषा के विकास के लिए इन्हें स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। झारखंड आंदोलनकारी परिवार के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था की जायेगी।

**जल जंगल जमीन की होगी रक्षाः** झारखंड में धरती योजना प्रारंभ की जायेगी। जिसमें जमीनों के खरीद बिक्री को सीधे दाखिल खारिज से जोड़ा जायेगा। हर अंचलाधिकारी को सहायक निबंधक की शक्तियां दी जायेगी। जिसमें जमीन के रजिस्ट्री के समय ही इसका दाखिल खारिज करा दिया जायेगा। इससे घूसखोरी पर लगाम लगेगी। हर रैयत को एक भूमि पासबुक दिया जायेगा। इससे कोई भी गलत तरीके से किसी की जमीन नहीं हड़प सकेगा।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## भूलिए और आगे बढ़िए

**जम्मू-क**श्मीर की नवनिर्वाचित विधानसभा में विशेष दर्जा बहाल किए जाने से जुड़े प्रस्ताव को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस के प्रस्ताव के बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पीपुल्स कांखेंस और आगामी इतिहास पार्टी ने संयुक्त रूप से विधानसभा में एक नया प्रस्ताव पेश किया। तीनों पार्टियों द्वारा लाए गए संयुक्त प्रस्ताव में अनुच्छेद 370 और 35ए को उसके मूल स्वरूप में पुनर्जीवित करने की मांग की गई है। इन तीनों दलों का कहना है कि नेशनल कांफ्रेंस का प्रस्ताव स्पष्ट है और इसमें अनेक विसंगतियां हैं। भाजपा के विधायकों ने प्रस्ताव का विरोध किया जिसके बाद आवामी इत्तिहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख के साथ उनकी हाथापाई हो गई। इस कठोर सच्चाई को जानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है। इसके पुनर्जीवित करने संबंधित प्रस्ताव का विधानसभा में पारित किया जाना कश्मीर की जनता के साथ छलावा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जे को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले का अनुमोदन किए जाने के बाद वैधानिक रूप से इसका कोई अस्तित्व नहीं रहा। इस ठोस वास्तविकता को जाननेझ्रसमझने के बावजूद कश्मीर के राजनीतिक दलों की नीतियां और राजनीतिक मजबूरी अनुच्छेद 370 को पुनर्जीवित करने संबंधी प्रस्ताव विधानसभा में पेश करने के लिए बाध्य करते हैं। जम्मूझ्रकश्मीर में शांति और स्थिरता और राज्य का दर्जा वापस चाहिए तो नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी सहित अन्य दलों के नेताओं को अनुच्छेद 370 के मोह से निकल कर उसी तरह आगे बढ़ना चाहिए जैसे भारत देश के विभाजन को स्वीकार करके और पाकिस्तान को एक ठोस वास्तविकता मानकर आगे बढ़ गया है। अगर वह इसको स्वीकार नहीं करते और राज्य की जनता में आक्रोश और उद्वेलन को बनाए रखते हैं तो इससे भारतीय राज्य को भले ही थोड़ी बहुत शांति हो, लेकिन कश्मीर और कश्मीर की जनता का भला कभी नहीं हो सकता। कश्मीर शांत और आतंक के जिस दौर से बाहर आ गया उस दौर की बातचीत किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए। राज्य में सक्रिय सभी राजनीतिक दलों की पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि वहां शांति और सहयोग के वातावरण को बनाए रखना। यह दौर अपनी जिदों को छोड़कर जमीनी सच्चाई को नजदीक से परखने और उसके अनुसार निर्णय लेने का है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कश्मीर के नेतागण भविष्य में अपने प्रदेश का कोई नुकसान नहीं होने देंगे।

## अमेरिका का ट्रंप कार्ड

**डोनाल्ड** ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। उनके पक्ष में अभी तक 295 इलेक्टोरल वोट हैं, जबकि कमला हैरिस 223 इलेक्टर्स के साथ काफी पिछड़ गई हैं। ट्रंप की टीम का आकलन है कि उन्हें 300 से अधिक इलेक्टर्स का समर्थन मिल सकता है। यह संपादकीय लिखने तक मतगणना जारी थी। अमेरिका के लोकतंत्र ने एक बार फिर ट्रंप के नेतृत्व में विश्वास जताया है, नतीजतन उनके पक्ष में 51 फीसदी से अधिक जनादेश है। ट्रंप दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति बन रहे हैं। बीच में चार साल का अंतराल था, जब जो बाइडेन राष्ट्रपति पद पर रहे। बाइडेन ने बेहद करीबी मुकाबले में ट्रंप को पराजित किया था। बहरहाल इस बार ट्रंप की जीत ऐतिहासिक, चमत्कारिक और अविश्वसनीय मानी जानी चाहिए। खुद ट्रंप ने भी ऐसा माना है। दरअसल उद्योगपतियों का एक वर्ग, संघीय नौकरशाहों की एक जमात, प्रमुख मीडिया समूह और दुष्प्रचार का एक प्रायोजित अभियान ट्रंप के खिलाफ था। वे वामपंथी सोच और सियासत के लोग थे और ट्रंप के खिलाफ लगातार प्रचारित कर रहे थे कि वह कमला हैरिस से पिछड़ रहे हैं। फिर प्रायोजित सर्वे भी प्रकाशित किए जाते रहे कि मुकाबला कांटेदार है, लेकिन जिस तरह इलेक्टर्स को जनादेश मिला है, वह स्पष्ट करता है कि इस बार अधिकांश अमरीका ने ट्रंप को ही चुनने का मन बना लिया था। औपचारिक तौर पर 6 जनवरी, 2025 को 538 निर्वाचित प्रतिनिधि राष्ट्रपति के लिए वोट करेंगे और उसी के बाद ट्रंप आधिकारिक तौर पर सुपर पॉवर देश के सुपर बॉस घोषित किए जाएंगे। नए राष्ट्रपति 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगे और उसके बाद अमेरिका का ट्रंप काल शुरू होगा। ट्रंप ने उसे स्वर्णिम दौर माना है। बेशक अमेरिका में एक बड़ा बदलाव सामने आया है, लेकिन ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश के बाद विश्व-व्यवस्था भी बदलेगी। रूस के राष्ट्रपति पुतिन नए राष्ट्रपति की नीति और नीयत का आकलन करेंगे, उसके बाद ही बधाई देंगे। संभव है कि रूस पर अमेरिकी पाबंदियों में कमी आए या उनमें ढील दी जाए! ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता और अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार जरूर चिंतित होंगे। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी अमेरिका घोर ईरान-विरोधी था। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू बल्लियों उछल रहे होंगे, क्योंकि वह ट्रंप के ही पक्षधर, समर्थक रहे हैं। अमेरिका में यहूदी लॉबी भी बहुत ताकतवर है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी के गहरे दोस्त ओबामा और बाइडेन भी थे। पुतिन भी हैं और ट्रंप तो पहले से ही प्रिय दोस्त रहे हैं, लेकिन द्विपक्षीय संबंध और कूटनीति ऐसी दोस्ती के सहारे नहीं चला करतीं। बेशक राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप का बुनियादी लक्ष्य होगा कि अमेरिका को दोबारा महान बनाया जाए। अमेरिका सर्वप्रथम की नीति लागू की जाए। उनके सामने 100 फीसदी जीडीपी के कर्ज वाली अर्थव्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, अवैध शरणार्थी सरीखी ज्वलंत समस्याएं हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप की अंतरराष्ट्रीय भूमिका भी कमतर नहीं है। यदि वह भारतीय प्रधानमंत्री के साथ मिल कर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने में सफल रहे, तो वह शांतिदूत बनकर उभर सकते हैं। चूंकि ट्रंप यूक्रेन को अरबों डॉलर की आर्थिक मदद और हथियार मुहैया कराने के खिलाफ रहे हैं और नाटो को भी ज्यादा भाव न देने के पक्षधर रहे हैं, लिहाजा यूक्रेन को युद्ध रोकने को विवश होना पड़ेगा। यदि ट्रंप इजरायल और ईरान के दरमियान भी शांति स्थापित कर सके, तो पूरी दुनिया उन्हें दुआएं देगी, क्योंकि युद्धों और टकरावों से दुनिया की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, नतीजतन अर्थव्यवस्थाएं भी चरमराई हैं। बहरहाल अमरीका में नेतृत्व परिवर्तन से भारत के साथ उसके संबंध और समीकरण बदलने वाले नहीं हैं। भारत अमरीका का मुख्य रणनीतिक साझेदार देश है और क्वाड में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया का साथी देश है। दोनों देशों के बीच कई आयाम हैं, जिन्हें विस्तार दिया जा सकता है। यह भारत का ट्रंप कार्ड भी है।

# नदियों की सेहत और अदालतों के निर्देश

हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर, आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है।

**योगेंद्र योगी**

हिंदू शास्त्रों में गंगा और यमुना नदी का धार्मिक महत्व बताया गया है। इन नदियों की उपयोगिता के कारण इन्हें जीवनदायिनी कहा गया है। वर्तमान में हालत यह है कि ये जीवनदायिनी खुद जीवन के लिए तरस रही हैं। देश में अन्य समस्याओं की तरह इन नदियों के की बबार्दी के लिए भी राजनीति जिम्मेदार है। नदियों के प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक दलों को वोट नहीं दिला सकता, इसलिए इनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। सत्तारूढ़ दलों की प्राथमिकता में नदियों की पवित्रता बरकरार रखना नहीं रह गया है। इन नदियों की हालत नालों जैसी बन चुकी है। भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति के कारण इस हालत से निपटने के लिए सरकारी प्रयास विफल साबित हुए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद नदियों में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अदालतों ने नदियों में प्रदूषण के लिए कई बार भारी जुमार्ना लगाया है। चूंकि जुमार्ना नेता-अफसरों की जेब से नहीं जाता, इसलिए उसका ऊंट के मुंह में जीरे जितना ही असर हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने यमुना नदी को अनुपचारित अवशिष्ट से प्रदूषित करने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ रुपए पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे पहले राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था। यह पहला मौका नहीं है कि जब एनजीटी या अदालत ने नदियों के प्रदूषण के लिए सरकारी एजेंसियों पर जुर्माना लगाया हो, इससे पहले भी ऐसे कदम उठाए जा चुके हैं, किन्तु शासन-प्रशासन की मिलीभगत से नदियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर, आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नोएडा विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़, यानी एक अरब रुपए और दिल्ली जल बोर्ड पर 50 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया था। इसी तरह बिहार सरकार में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा नहीं कर पाने को लेकर राज्य सरकार पर चार हजार करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया। सर्वोच्च न्यायालय ने 28 नवंबर, 2023 को एनजीटी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें महाराष्ट्र को अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पर्यावरण मुआवजे के रूप में 12000 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। एनजीटी ने पंजाब सरकार पर कई चेतावनियों के बावजूद राज्य में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में विफल रहने के लिए 1000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा राजस्थान सरकार पर लगाए 3000 करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी। एनजीटी ने राजस्थान में गीले और सूखे कचरे के समुचित प्रबंधन में नाकाम रहने से पर्यावरण पर पड़ रहे बुरे असर को लेकर यह जुर्माना लगाया था। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया गया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं, हालांकि 2018 के मुकाबले मामूली सुधार 2022 में देखा गया है। 2018 में 31 राज्यों में 323 नदियां प्रदूषित थीं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं, जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं। वहीं, बिहार में 18 और केरल में भी 18 नदियां प्रदूषित हैं। उत्तर प्रदेश में 17 और कर्नाटक में भी 17 नदियां, जबकि राजस्थान में 14 और गुजरात में 13, मणिपुर में 13, पश्चिम बंगाल में 13 नदियां प्रदूषित हैं। देश की सर्वाधिक पवित्र नदी गंगा के जल को घरों में रखा जाता था। अब हालत यह है कि गंगा नदी दो साल में 10 गुना मैली चुकी है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल की 94 जगहों से गंगा जल की जांच की गई। नदी के पानी में प्रदूषण का बुरा हाल देखने को मिला। प्लास्टिक की थैलियां, दूध की पॉलिथीन, नदी के किनारे शवों का जलाना, गंगा नदी को लगातार प्रदूषित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 स्थानों पर गंगा जल की जांच में यह भयावह तस्वीर सामने आई थी। 13 फरवरी 2023 को केंद्रीय जल शक्ति (जल संसाधन) राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने संसद को बताया था कि नमामि गंगे कार्यक्रम गंगा नदी में प्रदूषण को कम करने में कारगर रहा है। उन्होंने कहा था कि 2014 से केंद्र ने नदी की सफाई के लिए 32912.40 करोड़ रुपए के बजट के साथ 409 परियोजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक गंगा नदी के पूरे भाग के 71 प्रतिशत क्षेत्र में कोलीफॉर्म के खतरनाक स्तर पाए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2022 की रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कोलीफॉर्म का स्तर सात स्टेशनों पर सबसे ज्यादा था।

# धर्मपरायण देश में गौधन की दुर्दशा क्यों?

शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर के साथ नंदी की पूजा भी होती है। जिस देश में सुख समृद्धि की कामना के लिए बलिवैश्वदेव यज्ञ के द्वारा घर की पहली रोटी दिव्य गुणों की स्वामिनी गाय को खिलाई जाती हो, वहां हर घर आंगन की शोभा रही गोविंद की प्रिय गाय तथा भगवान शिव के प्रिय नंदी को बेसहारा होकर सडकों पर दुर्दशा, तशद्दुद व तस्करी का शिकार होकर बूचडखानों तक का सफर तय करना पड़ेगा, पूज्य रहे गौधन को आवारा पशु का खिताब दिया जाएगा, गोवंश को गो तस्करों के हवाले करके गौपालन से पीछा छुड़ाने के प्रयास होंगे, शायद गोपाष्टमी, गोवत्स द्वादशी व गोवर्धन पूजा जैसे पर्व मनाने वाले भारत में इस बात की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

**प्रताप सिंह पटियाल**

अपने गोविंद सा कोई गौपालक तलाशती हूं। मैं सुभद्रा, सुनंदा, कपिला, सुरभि, नंदनी व कान्हा की प्रिय पद्मा अब बेसहारा होकर गली, चौक चौराहे पर आशियाना तलाशती हूं। शायद बेसहारा होकर दर-दर की ठोकरें खाकर अपमानित हो रहे गौधन के दिल की यही आवाज होगी, मगर सडकों पर भाग्य तलाश रहे बेजुबान गोवंश की जुबान को समझेगा कौन? यदि मां के बाद किसी दूध की महिमा व महत्त्व है, तो वह केवल गाय का दूध है। इसीलिए अनादिकाल से भारतीय संस्कृति में एकमात्र प्राणी गाय को गौमाता का दर्जा प्राप्त है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला पर्व गोपाष्टमी गौधन को समर्पित है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण ने इस दिन गौचारण लीला आरंभ की थी। चंद्रवंशी क्षत्रिय श्रीकृष्ण गोपाल बने। गोरक्षक के रूप में श्रीकृष्ण का नाम गोविंद पड़ा। ह्यगावो ममाग्रतः सन्तुगावो मे सन्तु पृष्ठतः गावों मे हदय सन्तु गवा मध्ये वसाम्यहम् अर्थात गायें मेरे आगे, पीछे व हदय में स्थित रहे, गायों के बीच ही मैं सदा निवास करूं। गऊओं के संदर्भ में श्रीकृष्ण के इस प्रसंग का उल्लेख भविष्यपुराण के उत्तरपर्व में हुआ है। धार्मिक ग्रंथों में जमदग्नि, भारद्वाज, वशिष्ठ, असित तथा गौतम जैसे महान ऋषियों के आश्रमों में नंदा, सुभद्रा, सुरभि, सुशीला व बहुला जैसी गऊओं का उल्लेख हुआ है। सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद, उपनिषद व पुराणों में ऋषियों ने गौधन की महिमा को लिपिबद्ध करके दुनिया को गाय के समस्त गुणों से परिचित करवाया था। मगर ऋषि-मुनियों द्वारा गौधन के संदर्भ में लिखे ज्ञान तथा उपदेशों को भारत में तीलांजलि दी जा चुकी है।

शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर के साथ नंदी की पूजा भी होती है। जिस देश में सुख समृद्धि की कामना के लिए बलिवैश्वदेव यज्ञ के द्वारा घर की पहली रोटी दिव्य गुणों की स्वामिनी गाय को खिलाई जाती हो, वहां हर घर आंगन की शोभा रही गोविंद की प्रिय गाय तथा भगवान शिव के प्रिय नंदी को बेसहारा होकर सडकों पर दुर्दशा, तशद्दुद व तस्करी का शिकार होकर बूचडखानों तक का सफर तय करना पड़ेगा, पूज्य रहे गौधन को आवारा पशु का खिताब दिया जाएगा, गोवंश को गो तस्करों के हवाले करके गौपालन से पीछा छुड़ाने के प्रयास होंगे, शायद गोपाष्टमी, गोवत्स द्वादशी व गोवर्धन पूजा जैसे पर्व मनाने वाले भारत में इस बात की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। प्रश्न यह है कि गोवंश की इस बेकदरी के आलम का जिम्मेवार कौन है? श्वेत क्रांति, कृत्रिम गभार्धान, चरागाहों में चरता विकास, मुफ्तखोरी की योजनाएं, आपरेशन फ्लड की आंधी, रोजगार की जुस्तजू में गांवों से युवाओं का पलायन, आधुनिकता की चकाचौंध में भौतिकतावादी जीवनशैली या गौपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाने में सियासी निजाम की उदासीनता? स्मरण रहे तराजू किसी चीज का भार बता सकता है, गुणवत्ता नहीं। स्वस्थ जीवनशैली के लिए गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न मायने रखता है। विदेशी नस्लों की तुलना में स्वदेशी नस्ल की गऊओं में दुग्ध उत्पादन क्षमता कुछ हद तक कम हो सकती है, मगर पौराणिक शास्त्रों व आयुर्वेद तथा वैज्ञानिक कसौटियों पर स्वदेशी गौधन का दूध श्रेष्ठ साबित हुआ है। विश्व की सबसे उम्दा स्वदेशी नस्ल की गऊएं भारत में ही पाई जाती हैं। लेकिन अधिक दूध उत्पादन के लालच में विदेशी नस्ल के गोवंश को अहमियत देकर अपने स्वदेशी गौधन को नजरअंदाज कर दिया गया। उनका स्वरूप बिगाड़ा गया। सडकों पर फरियादी बनकर आशियाने को मोहताज होकर हादसों का शिकार हो रहे गोवंश के हुजूम उसी श्वेत क्रांति व आपरेशन फ्लड का परिणाम हैं। युगों से भारतीय कृषि अर्थशास्त्र का मजबूत आधार स्तम्भ रहे गोवंश की दुर्दशा का मंजर शहरों व राजमार्गों पर देखा जा सकता है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के दावे किए जाते हैं। रासायनिक उवर्रकों व कीटनाशकों से रहित प्राकृतिक व जैविक कृषि के मश्विरे पेश किए जाते हैं। स्वदेशी उत्पाद अपनाने की सलाह दी जाती है, लेकिन किसानों की आर्थिकी की धुरी तथा ग्रामीण समृद्धि के द्वार खोलने वाला गौपालन जैसा पुश्तैनी व्यवसाय हाशिए पर जा रहा है। उत्तम दुग्ध गुणवत्ता वाली स्वदेशी गौधन की कई प्रजातियां अपना वजूद तलाश रही हैं। लेकिन बाजार से मिलावटी व कृत्रिम सिंथेटिक दूध खरीद कर बड़े शौक से लाया जाता है। अर्थतंत्र को मजबूत करने के लिए सरकारें विदेशी क्वालिटी की शराब की अरबों रुपए की तिजारत को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी खाद्य पदार्थों, विदेशी बीज, रसायन व कीटनाशकों का अरबों रुपए का कारोबार भारतीय बाजारों पर पैठ बना चुका है। विदेशी कंपनियों की कोल्ड ड्रिंक्स व बोतलबंद पानी का अरबों रुपए का व्यापार देश में हो रहा है। विदेशी नस्ल के कुत्तों की खरीद फरोख्त का बाजार देश में लगातार बढ़ रहा है। विदेशी नस्ल के खतरनाक किस्म के महंगे कुत्ते पालना स्टेटस सिबंल बन चुका है।

विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने के बजाय छोटे कद की गाय पुंगनूर तथा औषधीय गुणों से भरपूर दूध देने वाली हिमाचल की पहाड़ी गाय चुरू तथा उत्तराखंड की कामधेनू कही जाने वाली बद्री नस्ल की गऊओं का पालन-पोषण आसानी से किया जा सकता है। ह्यराष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो चुरू व बद्री को देश की मान्यता प्राप्त गऊओं की नस्लों में शामिल कर चुका है। मगर सागर मंथन से उत्पन्न विलक्षण गुणों वाली कामधेनु जैसी मुकद्दस गाय के धर्मपरायण देश भारत में हरदम विनम्र स्वभाव की दुधारू गाय पालने से मोहभंग होना तथा गौधन की दुर्दशा का कारण क्या पश्चिमी शिक्षा व तहजीब का प्रभाव है या बदलते सामाजिक म्मल्यों का असर, यह मंथन का विषय है। बहरहाल श्रीकृष्ण ने गोपाल बनकर विश्व को गौपालन का संदेश दिया था। अतः सौभाग्य के प्रतीक स्वदेशी गौधन का महत्व समझ कर गौपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाकर गौधन को आश्रय देना होगा। गोपाष्टमी के अवसर पर गाय के प्रति श्रद्धा व आस्था की झलक धरातल पर भी दिखनी चाहिए। मिलावटखोरी से निजात पाने के लिए स्वदेशी गौपालन को महत्त्व देना होगा।

# नजरे करम

## चिंतन-मनन

**संत राजिन्दर**

नजरे-करम या सत्गुरु का दर्शन इतना प्रभावशाली क्यों होता है? इसका अनुभव वही लोग करते हैं जिन पर अपने सत्गुरु की नजरे-करम पड़ती है या फिर वो उस दृष्टि को पाने के लिए तरसता है। जब शिष्य उस नजरेझ्रकरम से जुदा हो जाता है तो उस समय अपने सत्गुरु के वियोग में विरह का अनुभव करता है। जिस किसी ने अपने सत्गुरु से जुदाई का अनुभव किया हो, वह जानता है हर पल, हर क्षण उनकी नजरे-करम के बिना रहना कितना मुश्किल होता है। जैसे दूध पीते बच्चे को उसकी मां से अलग कर दिया जाए तो वह तब तक रोता है जब तक कि अपनी मां से नहीं मिल जाता। ठीक इसी तरह जब शिष्य के अंदर सत्गुरु से मिलने की तीव्र इच्छा जागृत होती है तो उसका ध्यान बाहरी दुनिया के आकर्षणों और चीजों से हट कर अंतर में दिव्य- प्रेम की खोज में लग जाता है और उसे तब तक शांति नहीं मिलती जब तक कि वह अपने सत्गुरु की नजरेझ्रकरम प्राप्त नहीं करता। जब शिष्य सत्गुरु की प्रेम भरी नजर प्राप्त करता है तो उसकी आत्मा को अंतर के मंडलों में उड़ान भरने के लिए उभार मिलता है। इसीलिए हजारों लोग दुनिया के कोने-कोने से एक संत-सत्गुरु से मिलने आते हैं और घंटों तक उनके दर्शन की चाह में इंतजार करते हैं क्योंकि उनकी आत्मा अपने सत्गुरु की नजरेझ्रकरम पाना चाहती है। एक शिष्य जब अपने सत्गुरु की नजरे-करम पाता है तो उसकी आत्म-जागृति हो जाती है। ऐसा शिष्य इस दुनिया की नश्वरता को अनुभव करता है। फिर वह अपने मन का कैदी नहीं होता तथा न ही इस संसार की किसी वस्तु की चाह रखता है क्योंकि वो अपनी आत्मा की असलियत को जानने लगता है। यह भी जान जाता है कि उसकी आत्मा पिताझ्रपरमेश्वर की अंश है और संत-सत्गुरु की नजरे-करम के जरिए ही प्रभु से मिल सकती है। वह जल्द से जल्द अपनी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर से कराना चाहता है। उसे इस बात की पूरी समझ है कि एक संत-सत्गुरु की नजरे-करम पाना कितना जरूरी है। नजरे-करम आत्मा के प्याले में मधुर अमृत को डालने जैसा है। यह ऐसी मिठास है जो हमारे रोम-रोम में समा जाती है और हमें ऐसी ऊर्जा से भर देती है जो हमारी आत्मा प्रभु की ओर अग्रसर करती है।

## आपके पत्र

### जनसंख्या वृद्धि के नुकसान समझें

हाल ही में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में आम जन को जनसंख्या बढ़ाने के लिए जो कहा है, इसकी वजह इन दोनों ने अलग-अलग बताई। मुझे नहीं लगता है कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री को अपने यहां जनसंख्या बढ़ाने के लिए ऐसी बात करनी चाहिए, क्योंकि लोग अब समझदार हो रहे हैं और छोटा परिवार, सुखी परिवार पर विश्वास कर रहे हैं।

लोग जानते हैं कि ज्यादा बच्चे देश, समाज और खुद के लिए भी उचित नहीं हैं। कोई समय था जब हमारे देश में पांच-सात बच्चे भी लोगों के होते थे, क्योंकि उस समय लोग जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत नहीं थे। हालांकि अभी भी ऐसे लोग भी हैं जो बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों से अनजान हैं। कुछ लोग भारत की बढ़ती जनसंख्या पर अपने तर्क देते हैं। लेकिन इसके दुष्प्रभावों को समझा जाना चाहिए।

**मनाली मिश्रा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### लोक आस्था का महापर्व छठ सम्पन्न



**साहिबगंज :** लोक आस्था के महापर्व छठ के अंतिम दिन शुक्रवार को उदीयमान भगवान भास्कर को सैकड़ों छठव्रतियों व श्रद्धालुओं ने नेम निष्ठा से प्रातः कालीन अर्घ्य प्रदान किया।इसके साथ ही चार दिवसीय छठ पूजा का हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया।शहर के शकुंतला सहाय घाट मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट,पुरानी साहिबगंज घाट चानन सहित जिला के आसपास क्षेत्र में छठ महापर्व मनाये आते आ रहे हैं।विदित हो कि महाभारत काल में द्रौपदी परिवार की सुख-शांति और रक्षा के लिए छठ का पर्व मनाया था। जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए।तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा था।उनकी मनोकामनाएं पूरी हुईं और पांडवों को राजपाट वापस मिल गया।लोक परंपरा के अनुसार,सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है।हमारी प्रार्थना है कि जितने भी छठ धारी भक्तगण है।उनकी मनोकामना पूर्ण हो।आस्था के महापर्व छठ पूजा बडे ही धूमधाम से मनाई जाती है।यह पर्व शक्ति का प्रतीक है।इसमें छठ व्रत धारी की मनोकामना पूर्ण होती है।लोग बड़े ही श्रद्धा से छठ पूजा का व्रत करते हैं।और सूर्य की उपासना करते हुए डूबते सूरज और उगते सूरज को आस्था के साथ नमन करते हैं।साथ ही इस पर्व का आनंद लेने के लिए भारी भीड़ के साथ सभी जगह पर उपस्थित होकर मिल जुलकर और भाईचारे से पर्व को मनाते है।छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रेक्षक ने किया चेक नाका का निरीक्षण



**साहिबगंज:** विधानसभा आम चुनाव के लिए को लेकर निष्पक्ष और निर्भीक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रीक्षक मस्जिद खलील अहमद डेब्यू वह वह प्रेषक आनंदी दीक्षित द्वारा राजमहल स्थित अंतर राज्य चेकनाका को निरीक्षण किया व संबंधित चेतनाका के मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### दो राउंड में होगी हम वोटिंग

**साहिबगंज:** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत जिला के राजमहल, बोरियों और बरहेट विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित पचासी साल के मतदाताओं के लिए दो राउंड में पोस्ट बैलेंस से वोटिंग होगी। पहले राउंड शनिवार से शुरू हो रहा है ।जो 14 नवंबर तक चलेगी वहीं दूसरा राउंड 16 नवंबर से 17 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत राजमहल विधानसभा के साहिबगंज राजमहल व उधवा विधानसभा के तालझारी मंडरो एवं बोरियों,बरहेट विधानसभा सहित बरहेट पतना व पाकुड़ जिला के बरहरवा 85 प्लस मतदाताओं को पोस्ट बैलेंस से हम वोटिंग करेंगे।

### स्कूल से चोरी हुई समान बरामद एक गिरफ्तार

**साहिबगंज/पतना:** रांगा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रंग जयंती के आईसीटी लैब से चोरी हुए कंप्यूटर और उनसे जुड़े कई उपकरण को पुलिस ने

छापामारी कर 24 घंटे के अंदर समान बरामद करने में सफलता हासिल की है।वहीं इसमें एक आरोपित बड़ा रांगा निवासी घनश्याम शाह के 25 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शाह को इस मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रांगा थाना की पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है इस संबंध में पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रेस वार्ता कर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि 5 नवंबर को उत्क्रमित उच्च विद्यालय रांगा जयंती के प्रधान शिक्षक बाबूराम सरकार ने स्कूल में चोरी होने की लिखित आवेदन दिया था।जिसमें बताया गया कि दीपावली व छठ पर्व को लेकर विद्यालय बंद था।इसी बीच विद्यालय के आईसीटी लैब में रखे 5 मिनट मॉनिटर 6 बैटरी एक यूपीएस एक स्टेबलाइजर एक माउस एक वेब कैमरा एक फाइटर 5 रेडिएटर कंबल एक 20 वेगा लीटर चोरी हो गई। इस मामले को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई ।जिसमें सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा वोट देने चलो अभियान

**दुमका :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त दिनांक 09, 13 एवं 20 नवम्बर, 2024 को सोशल मीडिया पर वोट देने चलो अभियान चलाया जाएगा। अभियान का पहला दिन 09.11.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से 02:00 बजे तक चलाया जाएगा. जिसमें जिलान्तर्गत सभी सरकारी कार्यालयों, सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, उच्च विद्यालयों, सभी कोचिंग संस्थानों, सभी व्यवसायिक संगठनों, सभी बूथ जागरूकता समूह (इअत्र), सभी कार्यालयों में गठित श्अत्रके सदस्यों, सभी ढरव२,कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों / संस्थानों के माध्यम से वोट देने चलो अभियान के तहत व्यापक रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाएगा। सभी मतदाताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वोट देने चलो हैशटैग के साथ पोस्ट करें और मतदान के लिए अपने परिवारजनों, मित्रजनों को परिवार सहित मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए अपील करें।

### छठ महापर्व पर जय माता दी सेवा समिति ने लगाया निःशुल्क स्टॉल



**दुमका:** शहर के जय माता दी सेवा समिति ने छठ महापर्व के अवसर पर पोखरा चौक स्थित बड़ा बांध में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी निःशुल्क दुध, अगरबत्ती, धी, दीप धूप वितरण का स्टॉल लगाकर किया. इस अवसर पर जय माता दी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार राउत ने कहा कि छठ महापर्व धार्मिक आस्था एवं अनुशासन का महापर्व है. समिति के द्वारा प्रतिवर्ष छठ व्रतियों के लिए पूजा सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है. यह पर्व खासकर उत्तर भारत का पर्व है. मौके पर जय माता दी सेवा समिति के कई सदस्य मौजूद थे.

# विपक्षी गलत भ्रम फैलाकर यहां की जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा हैं : भाजपा प्रत्याशी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने साहेबगंज सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिमी,हाजीपुर पूरब सहित विभिन्न पंचायतों में गांवों का दौरा कर जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा जनसम्पर्क में जनता का प्यार और आशीर्वाद भरपूर मिल रहा हैं। विपक्षी द्वारा गलत भ्रम फैलाकर यहाँ की जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा हैं मगर यहाँ की जनता ने मुझे दो बार अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने का काम किया है उनका विश्वास पर दस सालों में क्षेत्र का विकास करके खड़ा उतरने का हर संभव प्रयास किया हूँ कहा कि साहेबगंज सदर प्रखंड में दस सालों में तेजी से विकास हुआ हैं। कहा कि शोभनपुर भट्ठा से हाजीपुर दियारा होकर राजगाँव तक 70 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया।हाजीपुर दियारा में सड़क निर्माण कराया गया। आज गाँव का परिवेश बदल रहा।ग्रामीण आत्मनिर्भरता डेयरी खुलने से बढ़ी है।साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।दियारा क्षेत्र के गाँव में आधारभूत सरंचनाएँ बढ़ने से उनके जीवन स्तर में बदलाव आ रहा है। दियारा सहित सदर प्रखंड में 22 घण्टे लगभग बिजली मिल रही हैं इसके लिए कई सब स्टेशन और पावर ग्रिड का निर्माण कराया गया। जर्जर तार पोल को बदलकर नया लगाया गया। गोपालपुर दियारा और कारगिल दियारा में पहली बार पक्की सड़क और बिजली का सपना पूरा हुआ। महदेवगंज में पुल का निर्माण हुआ। कई पुल पुलिया का निर्माण साहेबगंज सदर प्रखंड में हुआ हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनी तो संताल परगना से घुसपैठियों को भगाया जाएगा। दो लाख 87 हजार को सरकारी नौकरी दी जाएगी।ग्रेजुएट युवकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए हर महीने दो हजार रुपये दो साल तक दिए जाएंगे।साथ ही 21 लाख पीएम आवास दिए जाएंगे। लोगों को बालू फ्री में दी जाएगी। दो लाख 87 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। 50 लाख बेरोजगारों का रोजगार दिया जाएगा।गरीब परिवारो को ?500 में गैस सिलेंडर दी जाएगी।

## सेक्टर पदाधिकारी का संशोधित सूची तैयार किया जा रहा है

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** समाग्री कोषांग राजमहल विधानसभा के कुल 383 मतदान केन्द्रों के लिए गिरीश पेपर सेल का तीन-तीन सेट तैयार किया गया। वाहन कोषांग विधानसना आम चुनाय 2024 हेतु प्रशिक्षण कोषांग की कुल-02 वाहन ईयन सहित उपलब्ध कराया गया। होम वोटिंग के लिए कुल 20 वाहनों की व्यवस्था किया गया।विधि-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता-सह-सुविधा एप एवं कोषांग सी भीआई आईएल के तहत ऑन लाईन पर्यवेक्षण की जा रही है। कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। सुविधा पोर्टल के तहत अब तक कुल 292 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें कुल-171 आवेदन का निष्पादन किया गया है, कुल 56 आवेदन को रदद किया गया है तथा शेष-65 आवेदन पर कार्य चल रहा है।17 चेकनाकाओं का ऑन लाईन के माध्यम के तहत पर्यवेक्षण किया जा रहा है, साथ ही उक्त चेकनाका में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा कुल-404 बाहनों एवं 02 नाव का जाँच किया गया। मीडिया-सह-हेल्प डेक्स कोषांग सोशल मीडिया कोषांग विधानसभा आम चुनाव, 2024 के तहत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों को विभिन्न सोशल मीडिया में अपलोड किया गया। साहिबगंज जिला में निर्वाचन हेतु गठित विभिन्न कोषांगों में की जा रही गतिविधियों का दैनिक न्यूज बुलेटिन तैयार किया गया।एमसीएमसीके तहत प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया का पर्यवेक्षण किया जा रहा है।निर्वाचन कार्य हेतु भीआर वाहन द्वारा बोरियों प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत बीचपुरा एवं तारापुर पश्चिम में विडियो प्रदर्शित किया गया है।स्वीप कोषांग विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं जागरूकता हेतु शनिवार को सोशल मीडिया पर अभियान चलाने हेतु आवश्यक तैयारी किया गया।स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता के लिए सभी प्रखण्डों के मतदान केन्द्रो में मतदाता जागरूकता शपथ, रैली आदि गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। आगामी चुनाव 20 नवम्बर को मतदान देने हेतु जागरूक किया जा रहा है।पोस्टल बैलेट कोषांग विधानसभा आम चुनवा, 2024 से संबंधित डाक मत पत्र के साथ एएनइएक्सयुआरइ- 04/12 एएनइएक्सयुआरइ 13ए 138, 13 सी एवं 13डी आदि अन्तर जिला देवघर, गोड्डा, गिरीडीह, बोकारो एवं रोभी का इएक्ससीएचएएनजीइ सेंटर रांची में भेजने से संबंधित तैयारी किया जा रहा है।

## मै हमेशा लोगों के सुख दुःख में साथ देता हूं : निर्दलीय प्रत्याशी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों व निर्दलीय प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। और लोगों से वोट मांग रहे हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार शाम राजमहल विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने जनसंपर्क अभियान चलाया।इस दौरान उधवा प्रखंड के अंतर्गत कई क्षेत्रों का दौरा किया।उन्होंने देर शाम प्रखंड के उत्तर बेगमगंज पंचायत अंतर्गत हाटपाडा दुर्गा मंदिर प्रांगण में पहुंचे।वहीं क्लब के सदस्यों व स्थानीय महिलाओं ने सुनील यादव को फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।साथ ही सैकड़ों लोगों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने लोगों से उन्हें वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की।लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक नेता नहीं उनका बेटा है।वह लोगों के मांग पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।मैं हमेशा लोगों के सुख दुःख में साथ देता हूं।हमारी लोकप्रियता से डरकर मुझे एवं मेरे परिवार को षड्यंत्र के तहत परेशान किया जा रहा है।फिर भी मैं डरने वाले में से नहीं हूं।हम जितने पर क्षेत्र का विकास जनता के मांग मुताबिक करूंगा।मौके पर हिंदू धर्म रक्षा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष, देवाशीष घोष,संदीप घोष, कमल स्वर्णकार,अमित कर्मकार ,असीम प्रमाणिक, शशिराज स्वर्णकार,धर्म मंडल, सुमन प्रमाणिक प्रशांत मंडल,छोटु रजक,कृष्ण मंडल,उत्तम मंडल, मंटू ठाकुर, ललित मंडल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### झारखंड में माटी, बेटी और रोटी बचाने के लिए जनता संकल्पबद्ध है : मनोरमा देवी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री मनोरमा देवी ने शुक्रवार को जिले के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर के पक्ष में नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र के मदनपुर गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनाव प्रचार किया. इस मौके पर मनोरमा देवी ने ग्रामीणों को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन की सरकार रहते झारखंड की जनता सुखी नहीं है. इन्होंने झारखंड को तबाह और बर्बाद कर दिया है. झारखंड में माटी, बेटी और रोटी बचाने के लिए जनता संकल्पबद्ध चरणबद्ध है और सभी ने मिलकर बीजेपी को जीतने का फैसला किया है ताकि विकास हो सके. मौके पर कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी.

## आप लोग संकल्प कीजिए कि हम लोग फिर से झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनाएंगे : लुईस मरांडी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा:** जामा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जामा प्रखंड के लकड़जोरिया स्थित सिदो कान्हो प्रतिमा पर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी डॉ. लुईस मरांडी ने माल्यार्पण कर खटंगि पंचायत के हेठ बहियारी, बीच कोडा, परगाडीह, हथगढ़, पहरी डीह, चोरकट्टा, सिमरा पंचायत के कुंडाडीह,नाचांगरिया पंचायत के नाचांगरिया, चिहरबनी,शामपुर, अमलाचातर आदि गांवों के बीच

जनसंपर्क अभियान चलाया एवं हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए झामुमो के पक्ष में मतदान करने की अपील की. जनसंपर्क अभियान को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ. लुईस मरांडी ने कहा कि आप लोग संकल्प लीजिए कि हम लोग फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा- कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनाएंगे. हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जनता के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. म ईया सम्मान योजना की राशि दिसंबर माह से ढाई हजार रुपया होने जा रहा है. आप लोगों का समस्या आने वाले सरकार के बाद निश्चित रूप से समस्या का समाधान होगा. इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ.लुईस मरांडी ने केराबनी चौक और अमलाचातरमें झामुमो का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया. मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जामा प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, मुखिया महादेव टुडु, मुखिया बसंती मुर्मू, बाबुल यादव, सत्तार खा, बिशु टुडु, सुनील सोरेन, मशोधन मरांडी, लखी राम हांसदा, शकरुदीन शेख, हेमलाल हांसदा एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा चुनाव संचालन समिति का आयोजित बैठक संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा:** जामा प्रखंड अंतर्गत माहरो चौक स्थित भाजपा कार्यकर्ता हिरालाल मंडल के आवास पर शुक्रवार को जामा विधानसभा भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य से झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि कार्यकर्ता गण ईमानदारी से लगन और मेहनत के साथ चुनाव मैदान में लग जाय। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को दिन-रात प्रत्याशी को जिताने के काम में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने चुनाव प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधन की बारीकियों के बारे में विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। गहन मंथन और पदाधिकारियों से हुई चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर झारखंड विधानसभा चुनाव में बहुमत से जीत हासिल करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। मौके पर विधानसभा प्रभारी सीताराम पाठक, प्रवासी विधायक कमलाकांत हांसदा, प्रवासी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तौमर, विधनसभा संयोजक राजू पुजहर, मंडल अध्यक्ष राजू प्रसाद दर्वे, नवलकिशोर मांझी, महेन्द्र मंडल, दुर्योधन राय, संचालन समिति के इंद्रकांत यादव, जितलाल राय, रूपेश मडल, कालेश्वर लायक, रमेश मुर्मू, विमल मरांडी, सिंकदर यादव, मुन्ना, विनय यादव, प्रदीप कुमार दर्वे, नलिन मंडल, संतोष साह, रामफल लायक, रामयश कुमार, रंजीत कुंवर, हिरालाल मंडल, कृष्णा मंडल, शक्ति दर्वे, रमेश मंडल, गोपीनाथ दत्ता आदि मौजूद थे।

### एसभीइइपी अंतर्गत जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत स्वीप कोषांग जिला प्रशासन,साहेबगंज द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर 09 एवं 10 नवंबर दो दिवसीय को जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन चांद भैरव इंडोर स्टेडियम, साहेबगंज में किया गया है।

जिसमें जिला के 18 वर्ष से 85 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला प्रतिभागी निःशुल्क भाग ले सकते हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 09 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें 18 वर्ष से 20 वर्ष,21 वर्ष से 30 वर्ष,31 वर्ष से 40 वर्ष,41 वर्ष से 50 एवं 51 वर्ष से 81 वर्ष तक के महिला व पुरुष प्रतिभागियों के लिए अलग अलग कैटेगरी बनाई गई है।सभी ग्रुप के एकल एवं द्वितीय वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 3000 , द्वितीय 2000 एवं तृतीय 1000 रुपए एवं अन्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

### मारपीट करने का आरोप

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री राम चौकी के पास शुक्रवार को मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां महादेवगंज मुस्लिम टोला निवासी से शेख इलफान उम्र 31 वर्ष है जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई।



## अनन्या पांडे ने रोहित बल का डिजाइन किया 21 साल पुराना सूट पहन उन्हें दी श्रद्धांजलि

**अभिनेत्री** अनन्या पांडे ने एक पारिवारिक कार्यक्रम में रोहित बल का डिजाइन किया 21 साल पुराना सूट पहन उन्हें श्रद्धांजलि दी। बल ने यह सूट अभिनेत्री की मां भावना पांडे के लिए 21 साल पहले डिजाइन किया था।

भारत के सबसे मशहूर फैशन डिजाइनर में से एक रोहित बल (63) का दो नवंबर को दक्षिण दिल्ली के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बल ने लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई 2024 के ग्रैंड फिनाले में अपना कलेक्शनह्ल पेश करने साथ एकबार फिर फैशन की दुनिया में वापसी की थी।

हालांकि यह उनका आखिरी शो बन गया। इस शो में पांडे उनकी शोस्टॉपर थीं। पांडे ने अपनी रिश्ते की बहन के विवाह समारोह की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच पर साझा कीं। इसमें वह सलवार-सूट पहने नजर आ रही हैं।


अदाकारा ने बताया कि यह सूट उनकी मां भावना पांडे का है जिसे रोहित बल ने डिजाइन किया था। पांडे ने लिखा, दुल्हन दिया श्रॉफ.. अपनी बहन की शादी को लेकर उत्साहित हूं लेकिन उसके जाने का गम भी है।। हालांकि एक भाई मिलने से काफी खुश भी हूं। साथ ही मैंने रोहित बल द्वारा 21 साल पहले मेरी मां के लिए डिजाइन किया सूट पहना है। गुड्डा तुम हमेशा रहोगे। रोहित को प्यार से लोग गुड्डा नाम से भी बुलाते थे।

# फिल्म समीक्षा : विजय 69

## बुजुर्गों के लिए उम्मीद की नयी किरण लेकर आये अनुपम खेर

**बॉलीवुड** अभिनेता अनुपम खेर की नई फिल्म विजय 69 रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अनुपम खेर ने एक बूढ़े आदमी (मैथ्यू) का किरदार निभाया है, जो बुजुर्गों के सपनों, आकांक्षाओं, उम्मीदों और चाहतों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर देते हैं। मैं 69 साल का हूं, तो क्या सपने देखना बंद कर दूं? 69 का हूं, तो सुबह अखबार पढ़ूं? सिर्फ वॉक पे जाऊं? सिर्फ दवाइयां खाकर सो जाऊं और एक दिन मर जाऊं? फिल्म के ये डायलॉग हमें बुजुर्गों की जिंदगी की उस पूर्व संध्या के बारे में सोचने पर मजबूर कर देते हैं, जहां रिटायरमेंट के बाद उनकी जिंदगी का पूर्ण विराम मान लिया जाता है और उन्हें हाशिये पर धकेल दिया जाता है।

**क्या है फिल्म की कहानी :** फिल्म की कहानी एक 69 साल के ऐसे व्यक्ति की है, जिसके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि उसने जीवन में क्या किया है।



69 साल के विजय मैथ्यू (अनुपम खेर) जब एक रात घर नहीं लौटते तो उनका परिवार, पड़ोसी और दोस्त यह मान लेते हैं कि उनकी मौत हो गई है और वह अब कभी घर नहीं लौटेंगे। उनके लिए कॉफिन मंगवाया जाता है। सभी लोग दुख में डूब जाते हैं, तभी अचानक से मैथ्यू प्रकट हो जाते हैं। वह सभी को बताते हैं कि उनकी मौत नहीं हुई है, मगर उसी पल उन्हें अहसास होता है कि यदि वह मर गए तो लोग उन्हें उसी रूप में याद करेंगे।

एक समय तैराकी के प्रति जुनूनी भावना रखने वाले विजय नेशनल लेवल पर स्विमिंग में ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुके हैं। मगर जब उन्हें पता चलता कि उसकी पत्नी कैंसर से जूझ रही है, तब पत्नी की देखभाल और बेटी की परवरिश के लिए वह अपने पेंशन का गला घोंटकर एक मामूली से क्लब में स्विमिंग कोच बन जाते हैं। पर उम्र के इस पड़ाव पर वह अपने जुनून और अपनी मृत पत्नी की अधूरी इच्छा को पूरा करने के लिए ट्रायथलॉन में भाग लेने की जिद पकड़ लेते हैं। इसमें 1.5 किमी तैराकी, 40 किमी साइकिलिंग और 10 किमी दौड़ शामिल है, लेकिन जिसका पैर खराब हो वो ऐसा कैसे कर सकता है? उनके सेहत संबंधी मसलों का वास्ता देकर उन्हें डराते हैं, और तो और ट्रायथलॉन के लिए चार महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद उनका आवेदन भी खारिज कर दिया जाता है। मगर फिर कैसे वो अपनी जिद पूरी करते हैं? यह जानने के लिए तो आपको नेटफ्लिकस पर पूरी फिल्म देखनी होगी।

**कैसी है फिल्मः** विजय 69 इस साल की सबसे प्रेरणादायक फिल्मों में से एक है, ये फिल्म आपको काफी इंस्पायर करती है। फिल्म आपको काफी इमोशनल करती है, आपकी आंखों से आंसू आते हैं, इमोशन्स को जिस तरह से फिल्म में दिखाया गया है वो वाकई आपको रुला डालता है। ये फिल्म आपको इस बात के लिए प्रेरणा दे देगी कि उठो और अपने सपनों के लिए कुछ करो, उठो और सालों से जिस काम को टालते आ रहे थे उसको करो। इस तरह की फिल्में हमें सिर्फ एंटरटेन नहीं करती, बहुत कुछ सिखाकर जाती है। इसलिए आपको एक बार यह फिल्म जरूर देखनी चाहीए।




## सलमान खान की फिल्म में गाने के लिए शारदा सिन्हा को मिले सिर्फ 76 रुपए

**महापर्व** छठ की आवाज कही जाने वाली शारदा सिन्हा ने मंगलवार की रात अंतिम सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। शारदा सिन्हा ने छठ गीतों के अलावा कई बॉलीवुड गाने भी गाए हैं। बिहार की मशहूर लोक गायिका और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता शारदा सिन्हा ने 5 नवंबर, मंगलवार के दिन दिल्ली के एम्स अस्पताल में आखिरी सांस ली। वह उत्तर भारत के महापर्व छठ के गीतों के लिए मशहूर थीं। लेकिन उन्होंने अपने अब तक के जिंदगी में छठ गीतों के साथ-साथ बॉलीवुड के कई फिल्मों में भी गाया है। जिसे आज भी दुनिया बड़े ही प्यार से गुनगुनाती है। ऐसे में आज हम आपको शारदा सिन्हा के एक ऐसे गाने के बारे में बताएंगे, जिसे उन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म के लिए गाया था। उनके इस गाने की फीस जानकर आप चौंक जाएंगे।

शारदा सिन्हा को मिले सिर्फ 76 रुपएः शारदा सिन्हा ने सलमान खान की फिल्में मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन के लिए गाने गाए। उन्होंने सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए कहे तोसे सजना गाया था। इस गाने पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया और साथ ही यह गाना हिट साबित हुआ। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि इस गाने के लिए शारदा सिन्हा को मात्र 76 रुपए मिले थे।

मैंने प्यार किया का बजटः सलमान खान स्टारर मैंने प्यार किया गाने को एक करोड़ रुपये के बजट पर तैयार किया गया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर, कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। इस फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 मिले थे और फिल्म की लीड एक्ट्रेस भाग्यश्री को 1 लाख रुपए मिले थे।

शारदा सिन्हा के बॉलीवुड गानेः शारदा सिन्हा ने मैंने प्यार किया के बाद सलमान की फिल्म हम आपके हैं कौन के लिए बाबुल गाया था। इन दोनों गाने के अलावा शारदा सिन्हा ने गैंग्स ऑफ वासेपुर के लिए ह्यतार बिजली से पतले और हुमा कुरैशी की वेब सीरीज महारानी के लिए निर्मोहिया भी गाया था। हालांकि, इन गानों के बाद शारदा सिन्हा ने बॉलीवुड से दूरी बना ली थी।

## फिल्मों में तहलका मचाने के बाद चर्चित बिजनेस वूमन बनी नीलम

**बॉलीवुड** की जानीमानी अभिनेत्री नीलम आज 55 वर्ष की हो गईं। नीलम कोठारी का जन्म 09 नवंबर 1969 को हांगकांग में हुआ था। उनके पिता शिशिर कोठारी और मां परवीन कोठारी हैं। बचपन के दिनों से ही नीलम को गीत-संगीत के प्रति रुचि थी। उन्होंने कीबोर्ड बजाना और जैज बैले नृत्य सीखा। उनके परिवार का पारंपरिक आभूषण बनाने का व्यवसाय है। उनकी शिक्षा आइलैंड स्कूल में हुई। जब वह किशोरी थी, तो उसका परिवार बैंकॉक चला गया। एक बार जब नीलम मुंबई में छुट्टियां मना रही थीं, तो उन्हें निर्देशक रमेश बहल ने संपर्क किया। उन्होंने वर्ष 1984 में नीलम और करण शाह को लेकर फिल्म जवानी बनाई।

नीलम ने इसके बाद वर्ष 1986 में गोविंदा के साथ हिट फिल्म इल्जाम में काम किया। नीलम ने गोविंदा के साथ बहुत लोकप्रिय जोड़ी बनाई और उन्होंने 14 फिल्मों में साथ में अभिनय किया। उनकी जोड़ी वाली हिट फिल्मों में लव 86, खुदगर्ज, हत्या और ताकतवर शामिल हैं। उन्होंने चंकी पांडे के साथ पांच हिट फिल्में आग ही आग, पाप की दुनिया, खतरों के खिलाड़ी, मिट्टी और सोना व घर का चिराग में काम किया। उन्होंने प्रोसेनजीत चटर्जी के




साथ बंगाली फिल्म बदनाम (1990) में भी काम किया है। वर्ष 1998 में नीलम ने सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है में काम किया, जिसमें उन्होंने वीजे की भूमिका निभाई थी। उन्होंने पारिवारिक ड्रामा सुपरहिट फिल्म हम साथ-साथ हैं (1999) में भी अहम सहायक भूमिका निभाई थी।

अभिनय में अपना करियर बनाने के दौरान नीलम को आभूषण डिजाइनिंग में रुचि थी और वह अपने पारिवारिक व्यवसाय में शामिल थीं। उन्होंने मुंबई में आभूषण-डिजाइनिंग का कोर्स किया। वर्ष 2001 में अस्थायी रूप से फिल्में छोड़ने के बाद, नीलम ज्वेल्स के नाम से अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने 2004 में मुंबई में एक शोरूम खोला। उन्होंने 2011 में नीलम कोठारी फाइन ज्वेल्स के नाम से मुंबई में अपना आभूषण स्टोर लांच किया। नीलम ने बीना मिस्त्री के हॉट हॉट हॉट म्यूज़िकवीडियो में काम किया है। यह गाना 1995 के बीएमजी रिलीज में डांस हिट्स के संकलन का हिस्सा है, जिसका शीर्षक चैनल [वी] हिट्सः दि अल्टीमेट डांस कलेक्शन है। यह गाना तब हिट हुआ जब इसे बेंड इट लाइक बेकहम (2002) के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में दिखाया गया। वर्ष 2000 में, नीलम ने यूके के एक व्यवसायी के बेटे ऋषि सेठिया से शादी की, लेकिन जल्द ही उनका तलाक हो गया। नीलम ने इसके बाद समीर सोनी के साथ वर्ष 2011 में शादी कर ली। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया और उसका नाम अहाना रखा है। वर्ष 2020 में उन्होंने सीरीज फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के साथ अभिनय की दुनिया में वापसी की है।

## तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ पर दो मैच का बैन

### कप्तान से की बहस , मैदान भी छोड़ा, दस प्लेयर्स के साथ खेलती रही विंडीज टीम



**नई दिल्लीः** तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ दो मैच के लिए बैन कर दिए गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने फील्ड प्लेसमेंट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ बहस करने के लिए उन पर प्रतिबंध लगाया है। 27 साल के तेज गेंदबाज जोसेफ मैच के बीच में मैदान छोडकर बाहर भी चले गए थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा, जोसेफ का व्यवहार सीडब्ल्यूआई के प्रोफेशनलिज्म के स्टैंडर्ड के अनुरूप नहीं था। सीडब्ल्यूआई के क्रिकेट डायरेक्टर माइल्स बैसकॉम्ब ने कहा, अल्जारी का व्यवहार क्रिकेट वेस्टइंडीज की कोर वैल्यू के अनुरूप नहीं था।

इस तरह के व्यवहार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। दरअसल, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को वेस्टइंडीज-इंग्लैंड तीसरे वनडे के दौरान कप्तान शाई होप से बहस करते देखा गया। वे कप्तान शाई होप द्वारा सेट की गई फील्डिंग से सहमत नहीं थे, जब उन्होंने कप्तान से इसे बदलने की बात कही, तो होप ने मना कर दिया। जिससे वह गुस्सा होकर मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद एक ओवर तक 10 फील्डर्स के साथ वेस्टइंडीज टीम खेलती रही। हालांकि, बाद में वे मैदान पर वापस आ गए।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक नहीं जाएगी टीम इंडिया, अपने मैच दुबई में खेलना चाहता है भारत

### भारत, फरवरी मार्च में खेला जाएगा टूर्नामेंट



**नई दिल्लीः** भारतीय टीम अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भेजे गए एक लेटर में अपने फैसले के पीछे सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है। बोर्ड ने अपने सभी मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है। मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, यह हमारा फैसला है। हमने पीसीबी को लेटर लिखकर अपने मैच दुबई में करवाने को कहा है। चैंपियंस ट्रॉफी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक, टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा। इस इवेंट के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में हो सकते हैं। पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्तूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने सात विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी।

### भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका पहला टी20

## संजू का टॉप शो, स्पिनर्स के जाल में उलझे मेजबान, भारत ने सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

**डरबन :** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को डरबन में खेले गए पहले टी20 मैच में 61 रन से हराकर चार मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने संजू सैमसन की 107 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 17 l5 ओवर में 141 रन ही बना सकी। अब टीम इंडिया की नजर दूसरे टी20 पर होगी जो 10 नवंबर को खेला जाएगा।

भारतीय गेंदबाजों ने तोड़ी दक्षिण अफ्रीका की कमरः लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान टीम को पहला झटका पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने दिया। उन्होंने कप्तान एडेन मार्करम को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। इसके बाद आवेश खान ने चौथे ओवर में ट्रिस्टन



स्टब्स को निशाना बनाया। वह भी 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके अलावा रयान रिकलटन भी 21 रन बनाकर आउट हो गए। 44 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी दक्षिण अफ्रीका को एक लंबी और मजबूत साझेदारी की दरकार थी। ऐसे में हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई, जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने एक ही ओवर में दोनों को आउट किया। क्लासेन 25 और मिलर 18 रन बनाकर रवाना हो गए। इसके अलावा पैट्रिक क्रूगर ने एक, मार्को यानसेन ने 12, एंडिले सिमेलेन ने छह, गेराल्ड कोएत्जी ने 23, केशव महाराज ने पांच और पीटर ने पांच* रन बनाए। भारत के लिए वरुण और रवि बिश्नोई ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि आवेश खान को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, अर्शदीप सिंह ने एक विकेट अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की।

संजू सैमसन ने बचाई टीम इंडिया के बल्लेबाजी क्रम की लाजः भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत शानदार हुई। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 24 रनों की साझेदारी हुई। कोएत्जी ने इस पार्टनरशिप को तोड़ा। उन्होंने अभिषेक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ सात रन बना सके। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव ने संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए संजू के साथ 66 रनों की साझेदारी की। कप्तान 17 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद तिलक वर्मा ने सलामी बल्लेबाज का साथ दिया। दोनों के बीच 77 रनों की पार्टनरशिप हुई। तिलक 33 रन बनाकर आउट हुए। 47 गेंदों में विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने शतक जड़ा। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक है। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। वह 50 गेंदों में 214 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने दो, रिंकू सिंह ने 11, अक्षर पटेल ने सात, रवि बिश्नोई एक और अर्शदीप सिंह ने पांच* रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने तीन विकेट चटकाए। इसके अलावा मार्को यानसेन , केशव महाराज, पीटर और क्रूगर ने एक-एक विकेट लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में मिली दो लाश, जांच में जुटी पुलिस

**पटनाः** घर में दो लोगों की लाश मिलने से सनसनी मच गई। घटना राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र की है। लोगों ने बताया कि दोनों की मौत शराब सेवन से हुई है। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी बात से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक की जांच में शराब सेवन से जुड़ा कोई साक्ष्य सामने नहीं आया है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही मौत के असली कारणों के बारे में बताया जा सकता है। दीघा डीएसपी टू दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि बांसकोठी में रहनेवाले राजदेव राय के घर में दो लोगों की लाश मिली है। दोनों यहां पर किराए के मकान में रहते हैं। बताया कि इनकी पहचान सहरसा के महादेव और वैशाली के विक्की के रूप में की गई है। इनमें एक राजमिस्त्री का काम करता था, जबकि दूसरा गोलगप्पा बेचता था। इनमें एक के शव के पास से चिलम पाया गया है, वहीं दूसरे के कमरे में माचिस की तिलियां और ताश के पत्ते मिले हैं। हालांकि उन्होंने शराब सेवन से मौत की बात से इनकार किया है। जांच के लिए एफएसएल की टीम बुलाई गई है। वहीं महादेव के पड़ोसी का कहना है कि उन्हें कल शाम ही मौत की जानकारी मिल गई थी। वह दिन भर शराब पीकर रहता था। कल भी उसने शराब पी थी। पड़ोसी ने बताया कि उनकी मौत शराब सेवन से हुई है।

### बिहार : छठ पूजा के दौरान डूबने से 65 लोगों की मौत, समस्तीपुर में सर्वाधिक 10 मौतें

**पटना :** बिहार में लोकआस्था का महापर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। लेकिन इन दो दिनों के भीतर कई लोगों की खुशियां मातम में बदल गयी। छठ पूजा के दौरान नदी-तालाब में डूबने से बिहार के विभिन्न जिलों में 65 लोगों की मौत हो गयी। समस्तीपुर में सबसे अधिक 10 लोगों की नदी में डूबने से जान गयी है। वहीं बेगूसराय और पटना में सात-सात लोगों की मौत हुई है। जबकि पटना में पांच लोग अभी भी लापता हैं। रोहतास में छह लोगों की डूबने से जान चली गयी है। इनमें एक ही परिवार के तीन लोग भी शामिल हैं। गया में तीन, छपरा में दो, भोजपुर में दो, नालंदा में दो, मुजफ्फरपुर में एक और पूर्वी चंपारण में एक की जान गयी है।

**कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार में भी 24 की गयी जान :** कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार के जिलों में भी छठ पूजा के दौरान डूबने से 24 लोगों की मौत हुई है। इनमें खगड़िया के पांच, भागलपुर के चार, मधेपुरा के तीन, पूर्णिया के तीन, कटिहार के दो, लखीसराय के दो, मुंगेर के दो, सहरसा के एक, बांका के एक और अररिया के एक व्यक्ति शामिल हैं। सारण में भी नाव पलटने से दो युवकों की जान चली गयी। हालांकि 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### महिलाओं के खिलाफ भारी पड़ेगी टिप्पणी,नाराज सीईसी ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश



**नई दिल्लीः** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान महिलाओं के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की और अधिकारियों को ऐसी टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजीव कुमार शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत द्वारा भाजपा नेता शाइना एनसी के बारे में की गई टिप्पणियों पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। शाइना एनसी शिंदे सेना गुट में शामिल होकर चुनाव लड़ रही हैं। सावंत की यह टिप्पणी एक पत्रकार द्वारा शाइना की संभावनाओं के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में थी। शाइना मुंबादेवी सीट से चुनाव लड़ेंगी, जिस पर 2009 से कांग्रेस के अमीन पटेल का कब्जा है। निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने महिला नेत्रियों को निशाना बनाकर की गई अपमानजनक और अशोभनीय टिप्पणियों की निंदा की और अधिकारियों से ऐसे मामलों में कार्रवाई करने को कहा। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त और निर्वाचन अधिकारी यहां बैठक में शामिल हुए। निर्वाचन आयोग ने इससे पहले राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को निर्देश दिए थे कि वे ऐसे किसी भी कार्य, हरकत या बयानबाजी से बचें, जिसे महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रतिकूल माना जाता हो।

### सड़कों के निर्माण में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए' बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नीतीन गडकरी का आया बयान

**नई दिल्लीः** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सरकारी इंजीनियरों से अपनी नौकरी छोड़कर एक अच्छी डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाने वाली कंपनी शुरू करने का आग्रह किया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम देने का आश्वासन दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भारतीय सड़क कांग्रेस के 83वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में पराली से बिटुमेन और सीएनजी के उत्पादन पर जोर दिया और तर्क दिया कि इस कदम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण पर लगाम लगेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए कई सड़क परियोजनाओं की घोषणा की और कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले दो वर्षों में राज्य में अमेरिका जैसा सड़क नेटवर्क होगा। मंत्री ने कहा, ₹हर साल सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1।50 लाख मौतें होती हैं, जो अब बढ़कर 1.68 लाख हो गई हैं। सड़क इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में कमियों को सुधारने के प्रयास जारी हैं, लेकिन दोषपूर्ण डीपीआर ने बड़ी समस्या पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, हम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं के लगभग 60 प्रतिशत पीड़ित 18 से 34 वर्ष की आयु के हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि ऐसी सड़कें बनाएं जहां कोई दुर्घटना न हो (दोषपूर्ण इंजीनियरिंग कार्यों के कारण)। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और लोगों की जान बचेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा, हमने ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में नियम बनाए हैं। अगर भविष्य में सड़क इंजीनियरिंग के कारण किसी की मृत्यु होती है, तो मैं इसके लिए खुद को दोषी मानूंगा। अधिकारियों और इंजीनियरों की सभा की ओर इशारा करते हुए मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के लिए डीपीआर की सावधानीपूर्वक जांच किए बिना कोई भी निविदा जारी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। गडकरी ने कचरे से ऊर्जा बनाने की तकनीक के महत्व पर जोर दिया और छत्तीसगढ़ से धान की पराली का उपयोग करके सीएनजी और बिटुमेन बनाने पर काम करने का आग्रह किया।

# घुट रहा राजधानी का दम, आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ, एक्यूआई बढ़ा रहा लोगों की टेंशन

**नई दिल्लीः** दिल्ली के कई क्षेत्र शनिवार सुबह स्मॉग में लिपटे नजर आए। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार दर्ज किया गया है। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की सांसें फूलने लगी हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, आज सुबह आठ बजे आनंद विहार में एक्यूआई 393, मुंडका में 376 बवाना में 409, अशोक विहार 382, आईटीओ 357, जहांगीरपुरी 389, रोहिणी 401, नजफगढ़ 358, आरकेपुरम 375, पंजाबी बाग 392, सोनिया विहार 391, द्वारका सेक्टर 8 में 360 दर्ज किया गया है।




**विज्ञापन :** शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में वृद्धि हुई है। इस दौरान एक्यूआई 380 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब है। ऐसे में पूरे दिन आसमान में स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले बृहस्पतिवार को एक्यूआई 377 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है।

**सोमवार तक बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी हवाः** शुक्रवार को आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना सहित 12 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रहा। यह गंभीर श्रेणी में हवा है। जबकि, डीटीयू, आईटीओ समेत 26 इलाकों में हवा बेहद खराब और तीन इलाकों में एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा। वेंटिलेशन इंडेक्स 2000 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 3100 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक शुक्रवार को हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 11।049 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.053 फीसदी रही। जबकि बृहस्पतिवार को पराली धुएं की हिस्सेदारी 17.814 फीसदी रही।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शुक्रवार को हवाएं विभिन्न दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। शनिवार को भी हवाएं विभिन्न दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 से 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, रविवार और सोमवार को भी हवाएं विभिन्न दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 4 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। रात के समय हल्का कुहासा छाए रहने की आशंका है। साथ ही, आसमान में स्मॉग छाया रहेगा। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

## आखिरी दिन सीजेआई चंद्रचूड़ ने की 45 केसों की सुनवाई, कल होंगे रिटायर



- कुल 1274 बैंचों का हिस्सा रहे, 612 फैसले लिखे
- आर्टिकल 370 और राम मंदिर जैसे बड़े फैसलों के लिए किए जाएंगे याद

**नई दिल्लीः** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बैंच बैठी। वहीं, शाम को विदाई समारोह रखा गया। आखिरी दिन सीजेआई ने 45 केस सुने। सेरेमोनियल बैंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इस बैंच में उनके साथ जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, वरिष्ठ वकीलों के अलावा 10 नवंबर से सीजेआई का पद संभालने वाले जस्टिस संजीव खन्ना भी शामिल हुए। जस्टिस खन्ना देश के 51वें सीजेआई होंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ 13 मई, 2016 को बतौर सिटिंग जज, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सुप्रीम कोर्ट में प्रोमोट किए गए थे।

अपने कार्यकाल में सीजेआई चंद्रचूड़ 1274 बैंचों का हिस्सा रहे। उन्होंने कुल 612 फैसले लिखे। सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जजों में सीजेआई चंद्रचूड़ ने ही सबसे ज्यादा फैसले लिखे हैं। आखिरी दिन भी उन्होंने 45 केस की सुनवाई की। सीजेआई चंद्रचूड़ के दो साल के कार्यकाल के बड़े फैसलों में आर्टिकल 370, राम जन्मभूमि मंदिर, वन रैंक-वन पेंशन, मदरसा केस, सबरीमाला मंदिर विवाद, चुनावी बॉन्ड की वैधता और सीएए-एनआरसी जैसे फैसले शामिल हैं।

## हम एक हैं, तो सेफ हैं, महाराष्ट्र के धुले में प्रधानमंत्री मोदी ने दिया नया नारा



**मुंबईः** महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया नारा देते हुए कहा कि एक हैं तो सेफ हैं। इस नए नारे को बटेंगे तो कटेंगे का ही रूप माना जा रहा है। एक दिन पहले ही योगी आदित्यनाथ ने वाशिम में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर हम एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा था कि बंटना नहीं है। जब भी हम बंटे थे, तो कटे थे। धुले में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने जाति को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का खतरनाक खेल खेल रही है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी एक ऐसी गाड़ी है, जिसमें न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक है तथा वहां हर कोई ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए लड़ रहा है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर धुले में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन ही महाराष्ट्र का तेजी से विकास सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र के साथ मेरा लगाव रहा है। उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिला में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि हम जनता को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं, लेकिन कुछ लोग जनता को लूटने के लिए राजनीति में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उन्होंने महाराष्ट्र से कुछ मांगा है, राज्य के लोगों ने उन्हें दिल खोल कर अपना आशीर्वाद दिया है। मोदी ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि पिछले अढ़ाई वर्षों से जारी महाराष्ट्र के विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ही महाराष्ट्र को वह सुशासन दे सकती है, जिसकी उसे जरूरत है।

## सार्वजनिक स्थानों तक दिव्यांगों की पहुंच बनाने के करें उपाय

**सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को निर्देश, तीन महीने का दिया समय**



,2

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को तीन महीने के भीतर अनिवार्य पहुंच मानकों को लागू करने का निर्देश दिया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के लिए सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच में सुधार करना है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने यह आदेश 15 दिसंबर, 2017 को एक फैसले में अदालत की तरफ से जारी किए गए पहुंच निदेर्शों पर धीमी प्रगति के जवाब में दिया है। इस पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, जिसने दिव्यांगों के लिए सार्वजनिक स्थानों तक सार्थक पहुंच की जरूरत को रेखांकित किया और दो-आयामी दृष्टिकोण को अनिवार्य किया। इसके तहत मौजूदा बुनियादी ढांचे को पहुंच मानकों के अनुकूल बनाना और यह सुनिश्चित करना कि सभी नए बुनियादी ढांचे को शुरू से ही समावेशी बनाया जाए।

पीठ ने पाया कि दिव्यांगों के अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम के नियमों में से एक लागू करने योग्य, अनिवार्य मानकों को स्थापित नहीं करता है, बल्कि यह दिशानिदेर्शों के माध्यम से स्व-नियमन पर निर्भर करता है। यह स्वीकार करते हुए कि सुलभता अधिकार क्रमिक प्राप्ति के अधीन हैं, इस पर पीठ ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों को वास्तव में समावेशी बनाने के लिए गैर-परक्राम्य मानकों की आधार रेखा आवश्यक है। इसके साथ ही पीठ ने सिफारिश की है कि ये अनिवार्य नियम व्यापक दिशा-निदेर्शों से अलग हों, जिनमें विशिष्ट मानक हों, जिन्हें कानूनी रूप से लागू किया जा सके।

### दरभंगाः मंडल कारागार के कैदियों ने की छठ पूजा

**दरभंगाः** मंडल कारागार के कैदियों ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लोक आस्था के महापर्व का अनुष्ठान किया। इसे लेकर कैदियों में काफी उत्साह था। सारी व्यवस्था मंडला कारा की तरफ से किया गया। महिलाओं ने छठ का व्रत किया। 23 सजा काट रहे पुरुष बंदियों ने भी छठ किया। सभी सजायाफ्ता कैदियों ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया इस दौरान मंडल अधीक्षक स्नेहलता बंदी द्वारा किए जा रहे छठ व्रत में पूरा सहयोग किया। बताया जाता है कि मंडल कारा के अंदर बंदियों द्वारा किए गए छठ के लिए महिलाओं व पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग कृत्रिम तालाब बनाए गए, इसे आकर्षक तरीके से सजाया गया था। अनुष्ठान के पहले दिन बंदियों ने खरना व्रत किया था। जिसके लिए जेल प्रशासन ने पूजा के दौरान भोग लगने वाले गुड़ की खीर और रोटी की व्यवस्था की थी। वहीं, सांझ अर्घ्य के लिए ठकुआ और केला सहित अन्य फलों सहित दउरा सुप की व्यवस्था भी की गई थी। मंडल कारा अधीक्षक स्नेहलता ने बताया कि दरभंगा के जेलों में बंद कई कैदी भी सूयोर्पासना के व्रत श्रद्धापूर्वक कर रहे हैं।

# मशहूर सारंगी वादक राम नारायण का 96 साल में निधन, दुनियाभर में बनाई पहचान

**नई द्लिली:** भारतीय संगीतकार सारंगी वादक राम नारायण का 96 की उम्र में निधन हो गया है। बड़ी दुख की बात है कि संगीत की दुनिया का एक और सितारा बॉलीवुड इंडस्ट्री से कम हो गया। यह जानकारी सामने नहीं आई है कि उनका निधन कब और कितने बजे हुआ है।

राम नारायण का जन्म 25 दिसंबर 1927 को उत्तर-पश्चिमी भारत में उदयपुर के पास आमेर गांव में हुआ था। उनके परदादा बागाजी बियावत आमेर के एक गायक थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राम नारायण और उनके परदादा सागद दानजी बियावत उदयपुर के महाराणा के दरबार में गाते थे। उन्हें पंडित के नाम से जाना जाता था।



**मिली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचानः** राम नारायण एक ऐसे भारतीय संगीतकार थे, जिन्होंने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में एकल संगीत वाद्य के रूप में सारंगी को लोकप्रिय बनाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले सफल सारंगी वादक बने। उनके दादा हर लालजी बियावत और पिता नाथूजी बियावत किसान और गायक थे, नाथूजी झुके हुए वाद्य दिलरुबा बजाते थे और नारायण की मां एक संगीत प्रेमी थीं।

**कैसे मिली जीवन की पहली सारंगीः** दिवंगत संगीतकार राम नारायण की पहली भाषा राजस्थानी थी और उन्होंने हिंदी और बाद में अंग्रेजी सीखी। लगभग छह साल की उम्र में, उन्हें परिवार के गंगा गुरु, एक वंशावली विशेषज्ञ द्वारा छोड़ी गई एक छोटी सारंगी मिली और उन्हें उनके पिता द्वारा विकसित एक उंगलियों की तकनीक सिखाई गई। नारायण के पिता ने उन्हें सिखाया, बाद में बियावत ने जयपुर के सारंगी वादक मेहबूब खान से अपने बेटे के लिए सारांगी सिखाने की मांग की।

**ऑल इंडिया रेडियो में भी किया कामः** उन्होंने सारंगी वादकों और गायकों के अधीन गहन अध्ययन किया और किशोरावस्था में ही संगीत शिक्षक और सफल संगीतकार के रूप में काम किया। ऑल इंडिया रेडियो, लाहौर ने 1944 में गायकों के लिए संगीतकार के रूप में उन्होंने काम किया। 1947 में भारत के विभाजन के बाद वे दिल्ली चले गए , लेकिन संगीत से आगे जाने की इच्छा और अपनी सहायक भूमिका से निराश होकर नारायण 1949 में भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए मुंबई चले गए।

**पद्म विभूषण से सम्मानितः** दिवंगत संगीतकार ने 1956 में कॉन्सर्ट सोलो आर्टिस्ट बने और तब से उन्होंने भारत के कई प्रमुख संगीत समारोहों में प्रस्तुति दी। उन्होंने कई एल्बम रिकॉर्ड किए और 1964 में अपने बड़े भाई चतुर लाल के साथ अमेरिका और यूरोप का अपना पहला अंतरराष्ट्रीय दौरा किया, जो तबला वादक थे और 1950 के दशक में शंकर के साथ दौरे पर गए थे। नारायण ने भारतीय और विदेशी छात्रों को भी पढ़ाया और 2000 के दशक में अक्सर भारत के बाहर प्रदर्शन किया। उन्हें 2005 में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म और फोटो वायरल करने के आरोपी को जेल भेजा गया

**चान्हो :** चान्हो क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म और आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी अमरदीप उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमरदीप, जो कि कमाती गांव का निवासी है, पर चान्हो थाना क्षेत्र की एक महिला ने दुष्कर्म और उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले, 6 नवंबर को पीड़िता ने चान्हो थाने में शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें अमरदीप पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए दावा किया गया कि उसने महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने अमरदीप को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और साइबर सेल की मदद से वायरल की गई सामग्री का स्त्रोत और विस्तृत जानकारी हासिल की जा रही है।

### छठ महापर्व पर विद्युत सज्जा रहा आकर्षण का केंद्र



**चक्रधरपुर :** छठव्रतियों एवं श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान भूवन भास्कर को संध्या बेला में अर्ध्य अर्पित किया, संध्या बेला में आज विभिन्न छठ घाटों में छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, दोपहर के पश्चात से ही विभिन्न छठ घाटों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी पूरा क्षेत्र छठ के गीतों से गूंज उठी, लोगों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध भी किए गए थे। छठ घाट के साफ-सफाई लोगों की सुविधा हेतु व्यवस्था भी काफी सुचारू रूप से देखी गयी, छठ घाट पर विद्युत साज-सज्जा भी मुख्य रूप से आकर्षण का केन्द्र रहा।

### गोईलकेरा प्रखंड के दस मतदान केंद्र बदले गये

**चाईबासा :** विधानसभा चुनाव को लेकर गोईलकेरा प्रखंड के दस मतदान केंद्रों के स्थान को बदला गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने यह जानकारी दी। उन?होंने बताया कि गोईलकेरा प्रखंड में मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ व जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले दो मतदान केंद्रों के भवन को बदला गया है।

विवेक कुमार ने बताया कि इसमें गोईलकेरा के बूथ संख्या 23 प्राविं साउसेल को आवसीय विद्यालय औरंगा, बूथ संख्या 24 प्रावि कोमसाई को मध्य विद्यालय सेरें गदा, बूथ संख्या 66 उप्रावि खुजरिया को प्लस टू उच्च विद्यालय गोईलकेरा, बूथ संख्या 67 मवि रेला पूर्वी भाग को प्लस टू उच्च विद्यालय गोईलकेरा, बूथ संख्या 68 मवि रेला को पश्चिमी भाग को प्लस टू उच्च विद्यालय गोईलकेरा, बूथ संख्या 69 उमवि बालिया को प्लस टू उच्च विद्यालय गोईलकेरा, बूथ संख्या 72 उमवि वनपोसैता को उच्च विद्यालय पोसैता, बूथ संख्या 55 प्राथमिक विद्यालय बुरुदुई या को मध्य विद्यालय झिलरुवां में रिलोकेटेड किया गया है। इसी तरह जगन्नाथ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गोईलकेरा के बूथ संख्या 233 प्रावि रायरोवां को मवि बोरोई, बूथ संख्या 232 प्रावि बाईहातु को मवि बोरोई में रिलोकेटेड किया गया है।

### मादक पदार्थ ले जाते जामशोला चेकपोस्ट पर महिला समेत पश्चिम बंगाल के तीन लोग धराए

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव को लेकर बने जामशोला चेकपोस्ट पर जांच के क्रम में शुक्रवार को ओडिशा की ओर से आ रही सवारी गाड़ी से लगभग 20 किलो गांजा बरामद किया गया। इस सिलसिले में पुलिस पश्चिम बंगाल के बिशुनपुर थाना निवासी तन्मय संदरा एवं धनंजय ढली तथा तारातोला थाना क्षेत्र की एक महिला कारी माबिया को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने एवं आगे की कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक?त सभी लोग ओडिशा से मादक पदार्थ लेकर यात्री वाहन पर सवार होकर अपनी मंजिल तक जा रहे थे। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर बने जामशोला चेकपोस्ट पर जांच के क्रम में ये तीनों पकड़े गए।

### एनएच-49 पर सड़क दुर्घटना में दो महिला समेत तीन घायल

**जमशेदपुर :** एनएच-49 पर बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के शिरिष तल के समीप शुक्रवार दोपहर ऑटो रिक्शा तथा ट्रक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। टक?कर मारने के बाद ट्रक भागने में सफल रहा। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में ऑटो रिक?शा संजुक्ता नायेक (46 वर्ष), शंखचित्रा धाड़ा(40 वर्ष) व ऑटो रिक?शा चालक गोपीनाथ सिंह (27 वर्ष) बुरी तरह से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनों घायल महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए उन?हें उच्च चिकित्सा के लिए पीआरएम मेडिकल कॉलेज बारिपदा रेफर कर दिया गया। वही ऑटो रिक?शा चालक को मामूली चोट लगी थी। उसे प्राथमिक इलाज के पश्चात छोड़ दिया गया।

### 11 को शाम 5 बजे प्रचार खत्म, बाहरी लोगों को उस दिन जिला छोड़ने का निर्देश

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले में पहले चरण में 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। 11 नवंबर को शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों का हवाला देते हुए डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि जिले के बाहर से आए ऐसे राजनीतिक कार्यकर्ता या नेता, जो यहां के मतदाता या उम्मीदवार नहीं हैं, उन्हें 11 नवंबर की शाम 5 बजे के बाद जिला छोड़ना होगा। आदेश के अनुसार, चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी बाहरी राजनीतिक व्यक्ति या कार्यकर्ता को क्षेत्र में रहकर प्रचार की अनुमति नहीं है। आदेश का उल्लंघन करने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद, किसी भी तरह का प्रचार अभियान या रैली आयोजित करना गैर कानूनी होगा।

### पीएम मोदी कल आएंगे चंदनकियारी

बोकारो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को बोकारो जिला के चंदनकियारी पहुंचेंगे. वह यहां विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है. अमर कुमार बाउरी ने ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री चंदनकियारी की धरती पर कदम रखेगा. यह बातें क्षेत्र के प्रत्याशी सह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी.

# जेएमएम वंशवाद की राजनीति कर रहा है: शिवराज सिंह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चाईबासा :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को झारखंड के बहरागोड़ा, मनोहरपुर और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित किया. इस दौरान शिवराज ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा और राज्य की जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि जेएमएम की सरकार झारखंड को बर्बाद कर रही है. कहा कि भाजपा राज्य में विकास, रोजगार और महिला सशक्तिकरण लेकर आएगी. शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड में जेएमएम वंशवाद की राजनीति कर रहा है और राज्य में विदेशी घुसपैठ बड़ी समस्या बन चुकी है. उन्होंने कहा कि यह देश किसी धर्मशाला की तरह नहीं है, जहां कोई भी अपनी मर्जी से चला आए. आदिवासी भूमि और संस्कृति पर बाहरी घुसपैठियों का कब्जा बढ़ रहा है. इस पर रोक लगाना जरूरी है.



**विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा**

शिवराज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही नागरिकता का रजिस्टर बनाकर विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा. शिवराज ने झारखंड की महिलाओं के लिए कई वादे किए. जिसमें हर महीने 2100 रुपये की गोगो दीदी योजना और 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा शामिल है. उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लाई जाएंगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जाएगी. शिवराज ने कहा कि झारखंड में आदिवासी संस्कृति और स्थलों को संरक्षित करने का काम भाजपा करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बनते ही पेसा एक्ट लागू किया जाएगा और धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाए जाएंगे. आदिवासियों की हड़पी हुई जमीन उन्हें वापस दिलाई जाएगी और उनकी संस्कृति को संरक्षित किया जाएगा.

**गरीबों के लिए पक्का मकान व जल-जीवन मिशन**

शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड के हर गरीब को पक्का मकान और नल से जल उपलब्ध कराना भाजपा का संकल्प है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस योजना के पैसे का दुरुपयोग कर रही है. भाजपा सरकार के आते ही गरीबों के मकान के लिए मुफ्त बालू दी जाएगी और हर घर में नल से पानी पहुंचाया जाएगा. शिवराज ने झारखंड के युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरा जाएगा और बेरोजगारों को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी. उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में एक ऐसे शासन का वादा करती है जिसमें युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और आदिवासियों को अधिकार मिलेंगे.

# बंदगांव में लोक आस्था का महापर्व संपन्न



### बंदगांव में छठ महापर्व पर छठव्रती के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**ज्योति पाठक**

छठव्रतियों ने भगवान भुवन भास्कर के दोनों रूप की पूजा करते हुए उन्हें अर्ध्य दिया और सबों के लिए मंगल कामना की। इस महापर्व में सारा बंदगांव भक्तिमय हो गया। इस पूजा में बंदगांव के थाना प्रभारी दुगार्शंकर मंडल भी शामिल हुए तथा सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया और सबों को इस महापर्व छठ की बधाई दी।

### वायु सेना का चार-पांच लड़ाकू विमान काफी नीचे से गुजरा, घरों से बाहर निकले लोग

**चाईबासा :** किरीबुरु में आज सुबह करीब 11 बजे वायुसेना का लगभग चार-पांच लड़ाकू विमान तेज रफ्तार में भारी आवाज व गर्जना के साथ गुजरा. लड़ाकू विमान की दूरी घरों से कुछ मीटर की ऊंचाई पर थी. पहला लड़ाकू विमान जब गुजरा तो तेज गति और आवाज की वजह से जमीन व घर में कंपन महसूस हुआ. भूकंप की आशंका से घबराकर कई लोग अपने-अपने घर और दुकानों से बाहर निकल गये. कुछ मिनटों तक लोगों को समझ नहीं आया कि हुआ क्या. हालांकि जब तक लोगों को समझ आया और उन्होंने आसमान में देखा, तब तक विमान वहां से निकल चुका था. विमान की आवाज और रफ्तार इतनी तेज थी कि पेड़ की डाली और पत्ते काफी देर तक हिलती रही.

### विस्फोट से संबंधित मुद्दे पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर:** खान सुरक्षा उपनिदेशक (चाईबासा रीजन) आर सुधीर के नेतृत्व में सेल की किरीबुरु स्थित एल एंड डीसी सभागार में विस्फोट से संबंधित मुद्दे पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में सेल, झारखंड खान समूह की किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुवा, चिड़िया खदान प्रबंधनों के अलावा आईओसीएल के अधिकारियों ने भी भाग लिया. इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खदानों में विस्फोटकों को परिवहन और चार्जिंग के दौरान सुरक्षित संचालन कैसे करना है, उसकी विस्तृत जानकारी दिया गया. डीडीएमएस आर सुधीर ने विस्तार से बताया कि कैसे ब्लास्टिंग टीम अपने आप को सुरक्षित रखकर कार्य कर सकती है. ब्लास्टिंग के समय सुरक्षा के किन-किन नियमों का पालन कार्य स्थल पर करना है. पिछले महीने बंगाल के माइंस में दुर्घटना से सीख लेते हुए इसकी पुनरावृत्ति कैसे ना हो, इसपर भी चर्चा की गयी. मोबाइल फोन में विस्फोट को चार्जिंग के दौरान कैसे रोका जा सकता है, सूती कपड़े पहनना और वॉकी टॉकी का इस्तेमाल भी अहम मुद्दा रहा.

इस कार्यशाला में प्रस्तुति मानस राउत ने दिया. कार्यक्रम में विभिन्न खदानों के सेल अधिकारियों में मेघाहातुबुरु के खान महाप्रबंधक एस के सिंह, गुवा के खान महाप्रबंधक एस पी दास, रवि रंजन, किरीबुरु के खान महाप्रबंधक दीपेन लोहार, मनोज कुमार, ब्लास्टिंग प्रभारी, सुरक्षा अधिकारी, ब्लास्टिंग क्रू और सहयोगी स्टाफ समेत लगभग 35 लोगो ने कार्यशाला में भाग लिया.

### चक्रधरपुर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में पीएम सहित अन्य ने चुनावी सभा किया

**मेट्रो रेज संवाददाता**



### भाजपा प्रत्याशी की स्थिति हुयी मजबुत, भाजपाईयों का है मानना

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शशिभूषण सामड के समर्थन में और उनके पक्ष में निरंतर चुनाव प्रचार जारी है। जिससे प्रत्याशी और कार्यकताओं का मनोबल काफी बेहतर है। पूर्व विधायक एवं देश की सेवा कर चुके शशिभूषण सामड विधायक रहकर जनसेवा भी कर चुके हैं और इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्हें मिल रहे व्यापक जनसमर्थन के फलस्वरूप पार्टी के नेतागण और कार्यकताओं का उत्साह भी काफी बढ़ा हुआ है। भाजपा प्रत्याशी का नाम भाजपा ने सर्वप्रथम घोषित किया और तत्पश्चात से भाजपा प्रत्याशी शशि भूषण सामड निरंतर जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। उनके पक्ष में चाईबासा में प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, आसाम के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड भाजपा के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हेमन्त विश्वा शर्मा तथा पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का चुनावी सभा काफी महत्वपूर्ण रहा और भाजपा की स्थिति को काफी मजबुत और सुदृढ़ बनाया है ऐसा भाजपाईयों का मानना है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा और प्रचार भाजपा को काफी संजीवनी प्रदान किया है। ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है।

# केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रसाद से मिले गिरीराज सेना के प्रमुख





### श्री गिरी ने बुके भेंट कर पार्टी प्रत्याशी शशिभूषण सामड की स्थिति को मजबुत बताया

**चक्रधरपुर :** भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता एवं केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने के लिए आगमन पर गिरीराज सेना के प्रमुख उमा शंकर गिरी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मिलें और उन्हें बुके भेंट किया। इस मौके पर श्री गिरी ने चक्रधरपुर विधानसभा 56 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक शशिभूषण सामड की स्थिति को काफी बेहतर बताया। श्री गिरी ने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभ से ही श्री सामड लोकप्रिय, जनप्रिय नेता के रूप में पहचाने जाते हैं तथा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से श्री सामड की उम्मीदवारी काफी मजबुत और सशक्त है। इन्हें व्यापक रूप से जनसमर्थन भी मिल रहा है तथा सामाजिक संस्था गिरीराज सेना उनका पूर्ण समर्थन कर रहा है। इस मौके पर धीरज ठाकुर, सुमित पोद्दार, सुमित शर्मा, सन्नी साह, अंकित गोस्वामी एवं आसु यादव, संजीव गिरी, दीपक पासवान, दीपक गुप्ता, सुनील साह, नारायण साह, संजय दत्त के अलावे अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल

**चान्हो :** पाटुक के निकट शुक्रवार शाम को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार अंकित रोशन खलखो (20 वर्षीय) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना शाम करीब 4:30 बजे हुई, जब मांडर के पुनगी गांव निवासी अंकित रोशन खलखो, पिता संजय खलखो, पाटुक से अपने घर लौट रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# यह चुनाव हमारे हक, अधिकार और सम्मान का है: कल्पना सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गढ़वा/भवनाथपुर :** छठ महापर्व बीतते ही चुनावी शोर फिर शुरू हो गया है। शुक्रवार को जेएमएम की स्टार प्रचारक सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के पक्ष में प्रचार किया। गढ़वा के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के डंडई प्रखंड के रारो गांव में कल्पना सोरेन प्रत्याशी के लिए वोट मांगे।

रारो गांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि आप सभी से मैं कह रही हूं कि यह चुनाव हमारे हक, अधिकार और सम्मान का चुनाव है। विपक्ष, जाति, हिन्दू मुस्लिम कर ये चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत मैंने यहीं से की थी पर भाजपा को तकलीफ होती है। क्योंकि यहां पर भाजपा विधायक ने कुछ नहीं किया है। उन्होंने दवा का घोटाला किया है और घमंड मे चूर है वह न जाने क्या अनाप शनाप बोलते रहते हैं।

कल्पना सोरेन कहा कि भवनाथपुर में जीत का परचम लहराएगा तो इसका सारा श्रेय आप लोगों को जाएगा। यहां नफरत की भाषा नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों के बीच नफरत की राजनीति कर रही है। मगर यह देश सबको साथ लेकर चलने से ही आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछडों के आरक्षण के लिए हम लड़ाई लड़ रहें है, सरना धर्म लागू करने के लिए हम बिले पास करके केंद्र सरकार को भेजते हैं और केंद्र सरकार इसे रोक देती है।

कल्पना सोरेन ने कहा कि बीजेपी सरकार बड़े बड़े व्यापारियों की सरकार है, यह उनके कर्ज माफ कर देती है लेकिन हम किसानों का कर्ज माफ करते है। हम बांटने की राजनीति नहीं करते हैं, हम सब को साथ में लेकर चलने की बात करते हैं। हम लड़ाई आप लोगों की लड़ रहें हैं।




डंडई प्रखंड में कल्पना सोरेन की सभा के अवसर पर स्थानाय लोगों ने प्रतिक्रियाएं दीं कि झारखंड में झामुमो की सरकार फिर से बनेगी क्योंकि उन्हीं की हवा चल रही है थी। हालांकि कुछ का यह भी कहना था कि लगातार किसी की सरकार नहीं बनना चाहिये और हर पांच साल बाद सरकार बदलना चाहिये।